RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम



# जोहार छत्तीसगढ़




दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 315 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, रविवार 10 सितंबर 2023

पेज -4 पर विधानसभा स्तरीय भाजपा कार्यालय का उद्घाटन डभरा ....

ब्याज सहित मुआवजा राशि दिलाने भारतमाला से प्रभावित किसानों ... पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### मुख्यमंत्री बघेल ने श्रीमती उषा शुक्ला के निधन पर शोक व्यक्त किया



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अनुपम नगर रायपुर निवासी और राज्यपाल के एडीसी श्री विवेक शुक्ला की माताजी श्रीमती उषा शुक्ला के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है तथा इस कठिन क्षण में उन्हें संबल प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की है।

### छत्तीसगढ़िया ओलंपिक आज से संभाग स्तर पर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए चल रही छत्तीसगढ़िया ओलंपिक प्रतियोगिता अब 10 सितंबर से संभाग स्तर में प्रवेश करने जा रही है। संभाग स्तर में यह प्रतियोगिता 20 सितंबर तक चलेगी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री उमेश पटेल के मार्गदर्शन में चल रही छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को इस वर्ष भी अभूतपूर्व लोकप्रियता मिल रही है।

## छत्तीसगढ़ सरकार ने धान खरीदी का रिकॉर्ड बनाया

# इस साल 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की आशा : मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से गोधन न्याय योजना के अंतर्गत ऑनलाईन राशि वितरण कार्यक्रम में हितग्राहियों के बैंक खातों में 23 करोड़ 93 लाख रूपए अंतरित किए।






इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल बारिश अच्छी हो रही है और उत्पादन भी अच्छा होने की उम्मीद है। हमारी सरकार हर साल धान खरीदी का रिकॉर्ड बनाया है। इस साल हमें आशा है कि 125 लाख मीट्रिक धान खरीदी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस बार भी छत्तीसगढ़ से चावल खरीदी का कोटा घटा दिया है, हमारे बारदाने का कोटा भी कम कर दिया है। मैंने इस संबंध में केंद्र सरकार को पत्र लिखकर आग्रह किया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि गौठानों में चार रूपए लीटर की दर से गौमूत्र खरीदकर महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं इससे ब्रह्मास्त्र और जीवामृत तैयार कर रही है, जिसे किसानों को रियायती दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। किसान अब महंगे पेस्टीसाइट के बदले जैविक कीटनाशक ब्रह्मास्त्र और जीवामृत का उपयोग करने लगे हैं।मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम में बटन दबाकर गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में 23 करोड़ 93 लाख रूपए ऑनलाईन राशि अंतरित की। जिसमें गोबर विक्रेताओं को 5.36 करोड़ रूपए, गौठान समितियों को 1.63 करोड़ रूपए एवं स्व-सहायता समूहों को 1.14 करोड़ रूपए की लाभांश राशि के साथ ही स्व-सहायता समूहों को 12.32 करोड़ रूपए तथा सहकारी समितियों को 1.23 करोड़ रूपए की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि और स्वावलंबी गौठान समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्यों को 2.25 करोड़ रूपए की मानदेय राशि शामिल है।

## आगामी खरीफ सीजन में किसानों से बायोमेट्रिक व्यवस्था से होगी धान की खरीदी

*केंद्रीय पूल में जमा चावल के विरूद्ध राज्य सरकार की केंद्र सरकार से लेनदारी की राशि 6400 करोड़ रूपए देने पत्र लिखकर किया जाएगा आग्रह*



**रायपुर।** खाद्य मंत्री अमरजीत भगत की अध्यक्षता में आगामी खरीफ विपणन वर्ष की धान खरीदी एवं कस्टम मीलिंग की नीति की समीक्षा कर सुझाव देने हेतु गठित मंत्रि-मंडलीय उप समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कृषि मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के घोषणा की अनुरूप छत्तीसगढ़ में पंजीकृत किसानों से आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-2024 में 20 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी का निर्णय लिया गया।

## छत्तीसगढ़ में हुए न्यायाधीशों के तबादलें

# न्यायधानी के डिस्ट्रिक्ट जज समेत राजधानी के सीजेएम बदले गए...

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में न्यायाधीशों के तबादले हुए हैं। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने तबादला आदेश जारी किए हैं।




न्यायधानी बिलासपुर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार साहू को बिलासपुर से बलरामपुर रामानुजगंज जिले का जिला एवं सत्र न्यायधीश बनाकर भेजा गया है। उनकी जगह फैमिली कोर्ट बिलासपुर के प्रधान न्यायाधीश राम शंकर प्रसाद को बिलासपुर का डीजे बनाकर भेजा गया है। परिवीक्षाधीन न्यायाधीश खुशबू जैन को सिविल जज क्लास 2 के पोस्ट पर महासमुंद में पदस्थ किया गया है। रायपुर के सीजेएम भूपेंद्र कुमार वासनीकर को कांकेर भेजा ।

## भाजपा नेताओं के राज्यपाल से मिलने पर कांग्रेस ने साधा निशाना

**कहा- अवसरवादी राजनीति करती है बीजेपी**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नेता आज राज्यपाल से मुलाकात करने पहुंचे हैं. इसे लेकर कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा अवसरवादी राजनीति करती है. एनसीआरबी के आकड़ो में अपराध की कमी है. ये केन्द्र का आंकड़ा है. भाजपा को इतनी चिंता है तो भाजपा उन लोगों को हटा दे जिन पर अनाचार के आरोप लगे हैं. सुशील आनंद ने बताया कि कांग्रेस आज प्रदेशभर में ट्रेनों की लेट लतीफी और रेड को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी. वहीं 10,11,12 सितंबर को जन जागरण अभियान चलाया जाएगा. 13 सितंबर को प्रदेश में एक घंटे के लिए ट्रेन को रेका जाएगा. वहीं आम आदमी पार्टी की ओर से शुक्रवार को जारी की गई उम्मीदवारों की सूची को लेकर कहा कि चुनाव की औपचारिक्ता निभाना है।

## छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य मशीनरी हर संकट से निपटने के लिए तैयार - भूपेश बघेल







**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर के पंडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय में 700 बिस्तर क्षमता वाले नए एकीकृत चिकित्सालय भवन का भूमिपूजन किया। चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध अस्पताल के लिए 322 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक सर्वसुविधायुक्त चिकित्सालय भवन का निर्माण शीघ्र प्रारंभ होगा।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में महाविद्यालय के हीरक जयंती समारोह का शुभारंभ भी किया। आज से ठीक 60 साल पहले 9 सितम्बर 1963 को रायपुर के शासकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई थी। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव, संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ. प्रीतम राम, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा, विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा, महापौर श्री एजाज ढेबर, रायपुर नगर निगम के सभापति श्री प्रमोद शर्मा और रायपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा दोनों कार्यक्रमों में शामिल हुईं।

**मुख्यमंत्री ने हीरक जंयती समारोह का किया शुभारंभ**

# छत्तीसगढ़ में बनेगा योगासन का वर्ल्ड रिकॉर्ड

## दो हजार से अधिक योग साधकों ने सेतुबंध आसन का किया पूर्वाभ्यास

रायपुर। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के तहत् सेतुबंध आसन का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने लगभग 2 हजार योग साधकों ने आज सुबह रायपुर के बूढ़ापारा स्थित स्वर्गीय बलबीर जुनेजा इंडोर स्टेडियम में पूर्वाभ्यास किया।



छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा 10 सितंबर को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक सेतुबंध आसन का सामूहिक प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए हजारों लोगों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना स्थान दर्ज कराया जाएगा। योग आयोग के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा लोगों को योग के महत्व के प्रति जागरूक करने और स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ योग आयोग पहले भी गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना स्थान बना चुका है। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में आधे घंटे तक सेतुबंध आसन के साथ-साथ अन्य आसनों, प्राणायामो तथा ध्यान का अभ्यास भी कराया जाएगा। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के प्रतिभागी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे। 2 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास के लिए पंजीयन कराया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिकगण भी शामिल होंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से 'योग' के रिकॉर्ड प्रदर्शन में शामिल होने का आव्हान किया है।

# राज्यपाल से न्याय की गुहार

*राजभवन पहुंचकर बीजेपी नेताओं ने की सरकार की शिकायत, कहा- छत्तीसगढ़ बन गया अपराधगढ़*

रायपुर। रायपुर में शनिवार को बीजेपी नेता सरकार की शिकायत करने राजभवन पहुंचे। राज्यपाल से न्याय की गुहार वाला बैनर लेकर रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव समेत कई नेताओं ने कानून व्यवस्था पर चर्चा की। कहा कि, छत्तीसगढ़ पूरी तरह अपराधगढ़ बन गया है।



प्रदेश में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध, गैंगरेप और कानून व्यवस्था को लेकर बीजेपी नेताओं ने बात की। पूर्व सीएम रमन सिंह ने कहा कि, प्रदेश में चिंताजनक हालात होते जा रहे हैं। प्रदेश सरकार से राज्यपाल सख्ती से जवाब मांगे। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि, जहां करप्शन होगा वहीं क्राइम होगा।

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन जी कड़ा निर्देश सरकार को दें। क्योंकि क्राइम को कंट्रोल करने में सरकार नाकाम रही है। मुलाकात से पहले बीजेपी प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में अपराधियों पर पुलिस का खौफ खत्म हो चुका है, और कांग्रेस के कुशासन के चलते छत्तीसगढ़ अब पूरी तरह अपराधगढ़ बन गया है और प्रदेश जंगलराज कायम हो गया है। प्रदेश में चाकूबाजी, हत्या, लूट और महिलाओं के प्रति हिंसक घटनाएं बढ़ी हैं। अपराधों को सामूहिक रूप से अपराधियों द्वारा एक साथ अंजाम दिया जा रहा है।

## बीजेपी की परिवर्तन यात्रा की सुरक्षा का मामला

# हमें झीरम में सुरक्षा नहीं दी लेकिन हम पूरी सुरक्षा देंगे-मुख्यमंत्री

रायपुर। छत्तीसगढ़ में चुनाव से पहले बीजेपी दंतेवाड़ा और जशपुर में परिवर्तन यात्रा निकाल रही है। बीजेपी नेताओं ने परिवर्तन यात्रा को सुरक्षा देने की मांग DGP और मुख्य सचिव गृह से मिलकर सुरक्षा की मांग की है और बीजेपी नेताओं की टारगेट किलिंग का आरोप भी लगाया है।



जिसे लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि ये लोग हमें सुरक्षा नहीं दे पाए और झीरम घाटी जैसी घटना घटी लेकिन हम पूरी सुरक्षा देंगे। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल हो उसे पूरी सुरक्षा दी जाएगी। हमें सुरक्षा नहीं देने की वजह से झीरम घाटी में कांग्रेस नेता शहीद हो गए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि राजनीतिक पार्टी की सुरक्षा को लेकर यूनिफाइड कमांड की बैठक में चर्चा हुई थी कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में किसी भी राजनीतिक दल के नेता का कोई कार्यक्रम हो तो पूरी सुरक्षा उन्हें मुहैया कराई जाएगी।

## सियासी पार्टियों में उठने लगे बगावती सुर

# खुलकर दिखाई देने लगी गुटबाजी, प्रत्याशी को प्रतिद्वंदी से पहले अपनों से लड़ना होगा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चुनाव से पहले नेताओं के बगावती तेवर दिखाई देने लगे हैं। टिकट के ऐलान से पहले कांग्रेस में और पहली लिस्ट के बाद बीजेपी में विरोध का दौर चल पड़ा है। कई जगहों में टिकट बंटवारे को लेकर प्रत्याशी के खिलाफ विरोध जताने वाले खड़े हो गए हैं, तो कहीं संभावित दावेदारों का पहले ही खुलकर विरोध किया जा रहा है।

पहले चुनाव में जब टिकट बांटे जाते थे तब कांग्रेस में बगावती सुर ज्यादा सामने आते थे लेकिन बीजेपी में भी ये स्थिति पहली ही लिस्ट के बाद दिखाई देने लगी है, जबकि कांग्रेस में तो लिस्ट जारी होने से पहले ही संभावित प्रत्याशियों का विरोध हो रहा है।

### बीजेपी नेताओं ने किया राजिम विधानसभा के प्रत्याशी का विरोध

*हाल ही में राजिम विधानसभा में पार्टी द्वारा घोषित अधिकृत प्रत्याशी रोहित साहू को पार्टी की ही बैठक से बाहर जाने कह दिया गया। यहां पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के सामने नाराज नेताओं ने जमकर भड़ास निकाली। कौशिक यहां डेमेज कंट्रोल के लिए पहुंचे थे और छुरा के विश्राम गृह पार्टी पार्टी के पदाधिकारियों और शक्ति केंद्र प्रभारियों की बैठक ले रहे थे। इसी बीच जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने प्रत्याशी रोहित साहू को बैठक कक्ष से बाहर जाने कहा। रोहित के बाहर जाते ही खुल कर विरोध शुरू हो गया। यहां 15 से ज्यादा टिकट के दावेदारों ने अपनी भड़ास निकाली। सभी इस बात से नाराज थे की ,पार्टी के पुराने नेताओं की जगह नए व्यक्ति को टिकिट दे दी गई। इतना ही नहीं कुछ नेताओं ने तो अभी से उम्मीद्वार के हारने का ऐलान भी कर दिया।*

# मानवतावादी दृष्टिकोण बदलने की अनूठी पहल

किसी भी राष्ट्र का उत्थान वहां पर निवासरत लोगों के सामाजिक और आर्थिक विकास से सम्भव है। एक राष्ट्र के बहुआयामी विकास में शिक्षा महती निभाती है। यही वजह है कि जिन देशों की शिक्षा व्यवस्था समृद्ध है, वो देश वैश्विक फ़लक पर अधिक समृद्ध और संपन्न हैं। विगत कुछ वर्षों में भारत ने भी तरक़्क़ी के नित नए आयाम स्थापित किए हैं, जिसकी परिणीति यह हुई है कि भारत की पहचान वैश्विक परिदृश्य पर एक मज़बूत और शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी है।

आज़ादी के अमृतकाल के दौरान भारत को जी-20 का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलना अपने आप में एक सुखद आश्चर्य की अनुभूति करने वाला विषय रहा। जी-20, दुनिया के 20 बड़े देशों का एक अंतर-सरकारी मंच है, जो दुनिया के बड़े भूभाग का प्रतिनिधित्व करता है। दुनिया की लगभग 85 प्रतिशत जीडीपी और 75 फीसदी ग्लोबल ट्रेड जी-20 देशों के पास है। विश्व की दो तिहाई आबादी भी जी-20 देशों में निवासरत है। भारत के पास नवम्बर 2023 तक इस समूह की अध्यक्षता रहने वाली है और इस दौरान भारत लगातार दुनिया को विभिन्न वैश्विक चुनौतियों से बाहर निकलने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। भारत, लोकतंत्र की जननी है और 'वसुधैव कुटुम्बकम' की जिस अवधारणा को हम सदियों से आत्मसात करके आगे बढ़ रहे हैं। उसी को केंद्र में रखते हुए जी-20 की थीम %एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य% रखा गया है। वर्तमान समय में दुनिया तमाम तरह के संकटों के दौर से गुजर रही है। जलवायु परिवर्तन, विभिन्न देशों में गृह युद्ध की स्थितियों का निर्मित होना और कमज़ोर होती वैश्विक अर्थव्यवस्था इसी का हिस्सा है।




शिक्षा का क्षेत्र भी एक तरह के संक्रमण काल से जूझ रहा है। जिसकी वजह से सतत विकास के लक्ष्यों को अर्जित करने में हम पिछड़ रहे हैं। आज दुनिया के सामने भुखमरी एक बड़ी समस्या हो सकती है तो दूसरी तरफ शिक्षा से वंचित बच्चों के आंकड़े हमें शिक्षण नीतियों में बड़े फेरबदल की दिशा में इशारा कर रहे हैं।

एक अनुमान के अनुसार दुनिया के 260 मिलियन बच्चें स्कूल का मुँह नहीं देख पाते हैं। ऐसे में जरा सोचिए कैसे सतत विकास लक्ष्यों की पूर्ति हो पाएगी? शिक्षा ही है, जो किसी देश के मानव संसाधन को कुशल और उपगोगी बनाती है। ऐसे में जी-20 देशों के साथ मिलकर वैश्विक स्तर पर कैसे बेहतर, न्यायसंगत, प्रासंगिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर सृजित हो सके। इस दिशा में पहल की जा रही है।

भारत के नेतृत्व में जी-20 समूह के देश एक एजुकेशन वर्किंग ग्रुप के तहत काम कर रहें हैं, जिसका उद्देश्य बुनियादी साक्षरता और प्रौद्योगिकी के जरिए पठन-पाठन का माकूल वातावरण तैयार करना है। गौरतलब हो कि इसके लिए जी-20 शिक्षा कार्य समूह (एजुकेशन वर्किंग ग्रुप) की स्थापना साल 2018 में अर्जेंटीना की अध्यक्षता में की गई थी।

एक मेजबान राष्ट्र के रूप में भारत, पिछली अध्यक्षताओं के तहत शिक्षा के क्षेत्र की समस्याओं के समाधान एवं शिक्षा से संबंधित ऐसे विचार-विमर्शों को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव लगातार कर रहा है जोकि शिक्षा की पूर्ण परिवर्तनकारी क्षमता को साकार होने से रोक रही हैं। इस भावना के अनुरूप कई ऐसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की गई है। जिससे शिक्षा के क्षेत्र में युगांतरकारी परिवर्तन लाया जा सके। जी-20 के माध्यम से भारत ने दुनिया के सामने शिक्षा का एक नया खाका प्रस्तुत किया है। जो कहीं न कहीं विश्व की सभी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए लाभकारी है। भारत ने अपनी मेजबानी में शिक्षा कार्य समूह के सामने चार चरणों की एक रूप-रेखा पेश की है। जिसका पहला चरण बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान से सम्बंधित है। इसके दूसरे चरण में तकनीक की मदद से शिक्षा की पहुंच को बढ़ावा देना, तीसरे चरण में भविष्य की जरूरत और कौशल विकास को ध्यान में रखना और चौथे और आखिरी चरण में शोध को बढ़ावा देना और साझेदारी सम्मिलित है।

**दुनिया की लगभग 85 प्रतिशत जीडीपी और 75 फीसदी ग्लोबल ट्रेड जी-20 देशों के पास है। विश्व की दो तिहाई आबादी भी जी-20 देशों में निवासरत है। भारत के पास नवम्बर 2023 तक इस समूह की अध्यक्षता रहने वाली है और इस दौरान भारत लगातार दुनिया को विभिन्न वैश्विक चुनौतियों से बाहर निकलने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।**

साधारण सी बात है कि अगर दुनिया की 85 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व रखने वाले इन देशों की शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन आगामी भविष्य में दृष्टिगोचर हो जाते हैं, तो वैश्विक परिदृश्य व्यापक स्तर पर बदल जाएगा। पर्यावरण के प्रति लोगों की सोच में बदलाव आ जाएगा।

विश्व बंधुत्व और 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना प्रगाढ़ होती परिलक्षित होगी और सबसे महत्वपूर्ण बात जो निकलकर आएगी वो ये होगी कि दुनिया के सामने एक ऐसा वैश्विक मॉडल उभरकर सामने आएगा, जहां दूसरी या तीसरी दुनिया जैसे शब्दों के लिए कोई स्थान शेष नहीं होगा। इतना ही नहीं, दुनिया इस तथ्य से भलीभांति अवगत है कि भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध विरासत रही है और निः संदेह भारत की यही विरासत पुनः दुनिया के सामने भारतीयता का गौरव-गान कर रही है और हमारा देश 'वसुधैव कुटुम्बकम' के प्रस्तोता के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। भारत की अध्यक्षता में शिक्षा कार्य समूह (एजुकेशन वर्किंग ग्रुप) के अधिदेश में शिक्षार्थियों के सामने आने वाली बाधाओं को पहचानना और समझना शामिल है।

प्रो. नीलिमा गुप्ता

## संपादकीय

### मुद्दा नाम परिवर्तन नहीं है

इस आरोप में दम है कि सरकार हर काम को सियासी ध्रुवीकरण के नजरिए से करती है। इसीलिए यह मुद्दा विवादित हो गया है। अविश्वास और आक्रोश पैदा करते हुए इतना बड़ा कदम उठाना किसी नजरिए से उचित नहीं है।

द्रौपदी मुर्मू और नरेंद्र मोदी ने अगर आधिकारिक रूप से खुद को क्रमशः भारत की राष्ट्रपति और भारत का प्रधानमंत्री कहलाना शुरू किया है, तो उसमें कोई असंवैधानिक बात नहीं है। भारतीय संविधान के मुताबिक इस देश के नाम के रूप में भारत और इंडिया दोनों या दोनों में से किसी एक शब्द का इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर संविधान संशोधन कर आधिकारिक रूप से नाम बदलने की कोशिश की जाती है, तो उसमें कोई असाधारण बात नहीं होगी। विभिन्न देशों ने अपना नाम बदला है, जिनमें सबसे ताजा उदाहरण टर्की के तुर्किये बन जाने का है। अपने देश में भी शहरों और राज्यों तक के नाम बदलने की परंपरा रही है। अभी हाल में केरल ने अपना नाम केरलम कर लिया। इसके पहले बंबई, मद्रास, बैंगलोर क्रमशः मुंबई, चेन्नई और बंगलुरू हो ही चुके हैं। यहां सिर्फ उन नाम परिवर्तनों का उल्लेख किया गया है, जिन्हें राजनीतिक एवं सार्वजनिक आम सहमति से किया गया। अनेक नाम परिवर्तन ऐसे भी हुए हैं, जिन पर ऐसी सहमति बनाने की कोशिश नहीं की गई और इसलिए यह आरोप रहा है कि उन्हें ध्रुवीकरण की सियासत के हिस्से के रूप में अंजाम दिया गया। और यही पहलू देश के नाम के बारे में उठे विवाद का भी प्रमुख कारण है।

# उत्तर प्रदेश की दर्जन भर लोकसभा सीटों ने बढ़ा रखी है भाजपा नेतृत्व की टेंशन

भाजपा का पहला लक्ष्य 2014 में जीती हुई सीटों को वापस हासिल करना है। वर्ष 2014 में भाजपा ने 71 सीटों पर जीत दर्ज की थी। वहीं, सहयोगी अपना दल-एस को 2 सीटों पर जीत मिली थी। उस चुनाव में समाजवादी पार्टी को 5 और कांग्रेस को 2 सीटें मिली थीं।

भारतीय जनता पार्टी के नेता भले ही सार्वजनिक रूप से अगले वर्ष होने वाले आम चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर जीत का दावा कर रहे हों, लेकिन अंदर खाने की खबर यही है कि फिलहाल बीजेपी आलाकमान 68-70 सीटों से आगे जीत का अनुमान नहीं लगा पा रहा है। बीजेपी मुस्लिम बाहुल्य कुछ सीटों पर हमेशा से कमजोर रही है तो कई मौजूदा सांसद जनता के बीच अपनी खराब छवि के चलते पार्टी के लिए बोझ बन गए हैं। अब आलाकमान को यह तय करना है कि ऐसे सांसदों का क्या किए जाये जो इस बार बीजेपी के लिए जीत की गारंटी नहीं रह गए हैं। यह सब बातें बीजेपी के आंतरिक सर्वे में भी सामने आ चुकी हैं। इसीलिए पार्टी ने कुछ लोकसभा सीटों के प्रत्याशी बदलने का भी मन बना लिया है। सूत्र बताते हैं कि पार्टी के आंतरिक सर्वे में करीब 16 सीटें ऐसी मिली हैं, जहां पर पार्टी की स्थिति अत्यंत कमजोर है। इन सीटों पर जीत के लिए पार्टी को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन अच्छी बात यह कि इन सीटों पर भी बीजेपी हार की संभावना के बीच भी लड़ती हुई नजर आयेगी। पार्टी के भीतर कुछ सांसदो का टिकट काटे जाने की चर्चा शुरू होते ही उन सांसदों ने दिल्ली से लेकर लखनऊ तक में बैठे अपने आकाओं के यहां दौड़



लगाना शुरू कर दिया है, जिनकी टिकट बंटवारे में अहम भूमिका रहती है। लेकिन बीजेपी आलाकमान इन सब बातों को अनदेखा करते हुए मिशन 80 पूरा करने में लगा है।

उत्तर प्रदेश में मिशन 2024 के तहत पार्टी सभी 80 सीटों पर जीत की रणनीति पर काम कर रही है। भाजपा की कोशिश सहयोगी दलों से बेहतर समन्वय स्थापित कर चुनावी मैदान में उतरने की है। टिकट बंटवारे के समय एनडीए के सहयोगियों के बीच में किसी प्रकार की खींचतान का न होना, इस बार सकारात्मक संदेश दे रहा है। दूसरी तरफ, विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए में सीटों को लेकर दावेदारी बढ़ने लगी है। बीजेपी इस बात से भी खुश है कि बसपा सुप्रीमो मायावती विपक्षी गठबंधन के लिए सबसे बड़ा खतरा बनती दिख रही हैं। बसपा के उम्मीदवार चुनावी मैदान में किसी भी दल के प्रत्याशी का खेल ऊपर-नीचे कर सकते हैं। मायावती का चुनावी मैदान में उतरना विपक्षी गठबंधन के लिए किसी भी स्थिति में सही नहीं होगा। विपक्ष मान रहा है कि आमने-सामने का मुकाबला हो तभी भाजपा को हराना संभव हो पाएगा। ऐसे में विपक्ष को एक पाले में लाना होगा। वहीं, भाजपा 50 फीसदी से अधिक वोट शेयर हासिल करने के लिए लोकसभा क्षेत्रवार अपनी रणनीति तैयार करने में जुट गई है। भाजपा का पहला लक्ष्य 2014 में जीती हुई सीटों को वापस हासिल करना है। वर्ष 2014 में भाजपा ने 71 सीटों पर जीत दर्ज की थी। वहीं, सहयोगी अपना दल-एस को 2 सीटों पर जीत मिली थी। उस चुनाव में समाजवादी पार्टी को 5 और कांग्रेस को 2 सीटें मिली थीं। लेकिन, 2019 के चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन के कारण बसपा के सीटों की संख्या बढ़कर 10 हो गई। कांग्रेस एक सीट पर सिमटी। सपा ने एक बार फिर 5 सीटों पर जीत हासिल की।

भाजपा के सीटों की संख्या घटकर 62 रह गई। अपना दल-एस ने अपने 2 सीटों के आंकड़े को बरकरार रखा। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा यूपी की हारी हुई सीटों को रेड जोन में रखा है। साथ ही, जिन सीटों पर सांसदों का परफॉर्मेंस खराब है, उसे भी रेड जोन में रखते हुए तैयारियां चल रही हैं। केंद्रीय नेतृत्व ने तय किया है कि उसके आदेशों को अनदेखा करके जो सांसद अभी तक अपनी छवि सुधारने में नहीं जुटे हैं। ऐसे बेपरवाह रहने वाले सांसदों का टिकट इस बार कट सकता है।

## मिला जुला

# भारत की पहल पर अफ्रीकन यूनियन जी20 मेंबर बना

## मंज़ूरी मिलते ही यूनियन लीडर अजाली असोमानी पीएम से गले मिले, इससे 55 देशों को फायदा







**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में त्20 समिट की शुरुआत हो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत मंडपम में विदेशी मेहमानों का स्वागत किया। पीएम ने अपने उद्घाटन भाषण में मोरक्को भूकंप में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा दुख की घड़ी में हम मोरक्को के साथ हैं और लोगों की हरसंभव मदद करेंगे।

समिट में प्रधानमंत्री ने अफ्रीकन यूनियन को त्20 का परमानेंट मेंबर बनाने का प्रस्ताव रखा। बतौर अध्यक्ष पीएम ने जैसे ही इसे पारित किया, अफ्रीकन यूनियन के हेड अजाली असोमानी जाकर पीएम मोदी के गले लग गए। भारत के प्रस्ताव का चीन और यूरोपियन यूनियन ने भी समर्थन किया। अफ्रीकन यूनियन को जी20 की मेंबरशिप मिलने से अफ्रीका के 55 देशों को फायदा होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटन भाषण में कहा- संकट के इस समय में दुनिया हमसे नए समाधान मांग रही है। इसलिए हमें अपना हर दायित्व निभाते हुए आगे बढ़ना है। प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटन भाषण में कहा- संकट के इस समय में दुनिया हमसे नए समाधान मांग रही है। इसलिए हमें अपना हर दायित्व निभाते हुए आगे बढ़ना है।

### मोदी बोले- दुनिया में भरोसे का संकट पैदा हुआ

पीएम ने कहा कि कोरोना के बाद विश्व में विश्वास का संकट पैदा हो गया है। यूक्रेन युद्ध ने इस संकट को और गहरा कर दिया है। जब हम कोरोना को हरा सकते हैं तो आपसी चर्चा से विश्वास के इस संकट को भी दूर सकते हैं। ये सभी के साथ मिलकर चलने का समय है। प्रधानमंत्री ने कहा- आज हम जिस जगह इकट्ठा हुए हैं, यहां कुछ किमी दूर ढाई हजार साल पुराना स्तंभ है। इस पर प्राकृत भाषा में लिखा है कि मानवता का कल्याण सदैव सुनिश्चित किया जाए। ढाई हजार साल पहले भारत की धरती ने ये संदेश पूरी दुनिया को दिया था। 21वीं सदी का यह समय पूरी दुनिया को नई दिशा देने वाला है।

### प्रधानमंत्री ने विदेशी मेहमानों का स्वागत किया

शनिवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम पहुंचे विदेशी राष्ट्राध्यक्षों को रिसीव किया। उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को गले लगाया, तो अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को भारत मंडपम में बने कोणार्क चक्र के बारे में जानकारी दी।

### ऋषि को 'जय सियाराम', मंत्री बोले- दामाद के रूप में भी स्वागत कर रहे

ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति का स्वागत केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने जय सियाराम के उद्घोष के साथ किया। साथ ही कहा- 'हम आपका स्वागत भारत के दामाद के रूप में भी कर रहे हैं।' इसके बाद सुनक ने कहा- मुझे गर्व है कि मैं हिंदू हूं।

## हत्या के जुर्म में हुई थी जेल

# गुनाह के वक्त नाबालिग था, 12 साल बाद पता चला, सुप्रीम कोर्ट ने अब रिहाई का आदेश दिया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से भी आजीवन कारावास की सजा मिलने के बाद दोषी व्यक्ति ने नाबालिग होने की जांच की याचिका कोर्ट में लगाई थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को बरी करने का ऑर्डर दिया। सुप्रीम कोर्ट से भी आजीवन कारावास की सजा मिलने के बाद दोषी व्यक्ति ने नाबालिग होने की जांच की याचिका कोर्ट में लगाई थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को बरी करने का ऑर्डर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 12 साल से उम्रकैद की सजा काट रहे एक दोषी को रिहा करने का आदेश दिया है। यह व्यक्ति हत्या के जुर्म में 2005 से सजा काट रहा था।



कोर्ट ने कहा कि घटना के समय 2005 में वह नाबालिग था। एडिशनल सेशन जज (खम्मम, आंध्र प्रदेश) ने मई 2023 में सुप्रीम कोर्ट को एक रिपोर्ट दी थी। दोषी ने खुद के नाबालिग होने की जांच करने की मांग की थी।

## मोरक्को में भूकंप के दहला देने वाले झटके

# 300 से अधिक लोगों की मौत; पीएम मोदी ने दिया मदद का भरोसा

**मोरक्को** में शुक्रवार देर रात आए 6.8 तीव्रता के जोरदार भूकंप के बाद लोग घबराकर अपने-अपने घर छोड़कर भाग गए। भूकंप के कारण इमारतों को काफी नुकसान पहुंचा है। देश के कई हिस्सों में बिजली गुल हो गई है। रात करीब 11ः11 बजे भूकंप के झटके लगे। भूकंप का केंद्र मार्राकेश से 71 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में 18.5 किलोमीटर की गहराई में था। मोरक्को में आए भूकंप से अब तक 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना है।



### न्यूजीलैंड के केरमाडेक द्वीप समूह पर भी भूकंप के तेज झटके

इसके अलावा, न्यूजीलैंड के केरमाडेक द्वीप समूह के दक्षिणी क्षेत्र में भी शुक्रवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.7 मापी गयी। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने यह जानकारी दी है। जीएफजेड के अनुसार भूकंप के झटके ग्रीनविच मिड टाइस के अनुसार आज सुबह करीब 09ः09 बजे महसूस किए गए थे।

# नहीं 'भारत', जी20 समिट में पीएम मोदी के सामने कंट्री प्लेट पर बदलकर लिखा गया देश का नाम

**नई दिल्ली।** इंडिया बनाम भारत को लेकर केंद्र और विपक्ष के बीच छिड़ी जंग के बीच मोदी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक और बड़ा कदम उठाया है. दरअसल, आज 9 सितंबर जब पीएम मोदी ने जी-20 सम्मेलन को संबोधित किया तो उनकी टेबल पर रखी कंट्री प्लेट में देश का नाम इंडिया नहीं बल्कि भारत लिखा हुआ था. यह बात खास इसलिए भी है, क्योंकि इससे पहले जब भी प्रधानमंत्री किसी अंतरराष्ट्रीय मंच को संबोधित करते थे तो उनके टेबल पर रखी कंट्री प्लेट पर देश का




नाम इंडिया लिखा होता था. इस पूरे विवाद की शुरुआत 5 सितंबर को उस वक्त हुई जब जी-20 शिखर सम्मेलन के रात्रिभोज के निमंत्रण पत्र पर 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' की जगह 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' लिखा गया. निमंत्रण पत्र के सामने आने के बाद विपक्ष ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार देश का नाम इंडिया शब्द के इस्तेमाल को बंद कर केवल भारत कहे जाने की योजना बना रही है।

## अमेरिका ने कहा- कारण बताना ही होगा

# जी20 में शी चिनफिंग की अनुपस्थिति पर अमेरिका ने फिर चीन पर बोला हमला

**नई दिल्ली।** भारत में त्20 का आगाज हो चुका है, जिसमें कई देशों का प्रतिनिधित्व करने के लिए नेता नई दिल्ली पहुंच चुके हैं। हालांकि, इस बैठक में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन नहीं पहुंचेंगे। इसको लेकर कई दिनों तक कयास लगाने के बाद चीन ने आधिकारिक घोषणा कर दी थी। इस पर एक अमेरिकी अधिकारी ने शनिवार को कहा कि नई दिल्ली में वार्षिक त्20 शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति शी चिनफिंग की अनुपस्थिति का कारण बताना चीन का दायित्व है। जी 20 में चीन का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रधानमंत्री ली कियांग भारतीय



राजधानी पहुंचे हैं। अमेरिका के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जहां सभी नेता अपने देश के प्रतिनिधित्व के लिए पहुंचे हैं, उसमें चीन ब्लॉक की सफलता के लिए प्रतिबद्ध नहीं है।

दिख रही बस्तर की आदिवासी कला संस्कृति की झलक

# जी-20 में छत्तीसगढ़ के ढोकरा आर्ट का जलवा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के आदिवासी शिल्पकारों की ओर से बनाई जाने वाली ढोकरा आर्ट को छत्तीसगढ़ की शान कहा जाता है. इस कला की मूर्तियों की मांग देश और विदेशों में बढ़ गई है, और आदिवासी शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति में भी बड़ा बदलाव हो रहा है. ढोकरा आर्ट को अक्सर बेल मेटल आर्ट भी कहा जाता है।



और यह छत्तीसगढ़ के आदिवासी संस्कृति और शिल्पकला का महत्वपूर्ण हिस्सा है. त्20 समिट शिखर सम्मेलन 2023 में ढोकरा आर्ट का प्रदर्शन छत्तीसगढ़ को अंतरराष्ट्रीय मान्यता और प्रतिष्ठा दिलाने में मदद करेगा.

दिल्ली में होने वाले त्20 के क्राफ्ट बाजार में ढोकरा आर्ट को स्थान मिला है. राजधानी दिल्ली के भारत मंडपन में आपको ढोकरा कला की अनूठी और सुंदर झलक देखने का अवसर मिलेगा. ढोकरा आर्ट को बेल मेटल आर्ट भी कहा जाता है, और यह भारतीय शिल्पकला का महत्वपूर्ण हिस्सा है. इसका प्रदर्शन और बिक्री त्20 क्राफ्ट बाजार में इस कला को अंतरराष्ट्रीय प्लेटफ़ॉर्म पर प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगा और इसे विश्व भर में प्रमोट करेगा.

बस्तर के पारंपरिक शिल्पकला में बेल मेटल आर्ट एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है, और यह कला वास्तविक रूप से देश और विदेश में लोकप्रिय हो रही है.


इस कला के शिल्पकारों ने अपनी विशेषज्ञता को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शन किया है, और उन्होंने कई बार राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीता है. यह बेल मेटल आर्ट कला का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसकी प्रसारण से न केवल कला और शिल्पकारों को बल्कि बस्तर और छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक धरोहर को भी बढ़ावा मिलता है.

## ढोकरा आर्ट की मूर्तियों की बढ़ी मांग

बस्तर की बेल मेटल, काष्ठ कला, और ढोकरा आर्ट भारत में प्रसिद्ध हैं, खासकर ढोकरा आर्ट की मूर्तियों की बढ़ी मांग है. यह मूर्तियां बड़े महानगरों में ढोकरा आर्ट के शोरूम में भी बेची जाती हैं, और वहां की आदिवासी शिल्पकारों द्वारा बनाई जाती हैं. ढोकरा आर्ट को बनाने के लिए बहुत मेहनत और करीब 15 प्रक्रियाएं जरूरी होती हैं. ढोकरा आर्ट में आदिवासी संस्कृति की महत्वपूर्ण छाप होती है, और इसमें विभिन्न देवी-देवताओं, पशुओं, और प्राकृतिक आकृतियों का चित्रण होता है. हाथी, घोड़ा, हिरण, नंदी, गाय, और मानव आकृतियां अक्सर दिखाई जाती हैं. इसके अलावा, शेर, मछली, कछुआ, मोर जैसे प्राकृतिक तत्वों की भी मूर्तियां बनाई जाती हैं.

# योग और योगा में न सिर्फ शब्द बल्कि भावों का भी बड़ा अंतर है : खोमेश साहू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के तत्वावधान में आयोजित योगारंभ 3.0 कार्यक्रम के तैयारियों का द्वितीय सत्र 09 सितंबर को पूरा हुआ। इस पर संघ अध्यक्ष श्री अनिल चंद्राकर जी ने हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया। श्री रामेश्वर प्रसाद डौन्डे जी ने शंखनाद व आयुर्वेद के मंत्रोच्चारण के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मोनिका सिन्हा जी ने कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत कर महासचिव जी का स्वागत किया।



प्रदेश महासचिव श्री खोमेश साहू जी ने योग और योगा विषय पर सह-समन्वयक, कुसुम साहू जी के प्रश्न, कि योग और योगा में कितना अंतर है? क्या शब्दों के बदले जाने से भाव भी बदल जाते हैं? अगर यह बदलाव हुआ तो किस काल में हुआ? का उत्तर देते हुए कहा कि योग और योगा में बहुत बड़ा अंतर है, शब्दों के बदले जाने से भाव भी बदल जाते हैं और यह भाव तब से बदला हैं ज़ब से योग विदेशों में गया और योगा बनकर भारत देश मे वापस आया।

इस कार्यक्रम में प्रथम जिला योग प्रचारक दीपक कुमार वर्मा, बिंदु सिंह, बिलासपुर, सौरभ राव,जांजगीर कमलेश्वरी साहू, सक्ति, गगन अवस्थी, गौतम पाण्डेय, बिहार से उपस्थित रहें। साथ ही नेहा नायक, यामिनी शर्मा, अंजली महतो, वीर तिवारी, आशना गौतम, तनुश्री चंद्राकर, कुसुम साहू, विनीता मिश्रा, मीनू भारती, सौम्य कुमार, पियूष वर्मा, सीमा कौशिक, सुनीता यादव, सूर्यकान्ता कश्यप, रेखचंद साहू, देवेंद्र पटेल, शिव बरेठ, हरिराम साहू, अविनाश यादव, गायत्री स्वर्णकार, फुलेश्वर सिन्हा, हीरामणि साहू, रेणुका साहू, नीलम सिंह, बलराम विश्वकर्मा, दीप्ति चौरसिया, यामिनी साहू, कल्याणी बंजारे, कीर्ति तारक, रूपा, भुनेश्वर साहू, रविलाल चौहान, वीरेंद्र कुमार, दीक्षा राज, महेश नेताम, बृजेश नेताम इत्यादि अलग-अलग जिलों व प्रांतों से योगवीर उपस्थित रहे।








रायपुर। मुख्यमंत्री ने पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के हीरक जयंती समारोह का किया शुभारंभ

## संक्षिप्त समाचार

### शोरूम से नकदी 4 लाख पार

**रायपुर** । रिंग रोड नंबर 1 रायपुरा स्थित शुभम होण्डा शोरूम के खिड़की तोड़कर अज्ञात चोर ने तिजोरी में रखे 4 लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेश शर्मा 61 वर्ष कुशालपुर पुरानी बस्ती का रहने वाला है। प्रार्थी रिंग रोड नंबर 1 रायपुरा स्थित शुभम होण्डा शोरूम में काम करता है। बताया जाता है कि अज्ञात आरोपी ने शोरूम में लगे पीछे की खिड़की को तोड़कर अंदर प्रवेश किया और तिजोरी में रखे नकदी 4 लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी को जब इसकी जानकारी लगी, तो उसने इसकी शिकायत डीडीनगर थाना में की। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर** । आदर्श नगर ओम शांति स्कूल के पास पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर नुकीली चीज से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लोकेश वैष्णव 18 वर्ष लक्ष्मी नगर मोवा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी मोनू साहू ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया और नुकीली चीज से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कालीबाड़ी चौक से बाइक पार

**रायपुर** । कालीबाड़ी चौक के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गोविंद श्रीवास्तव 31 वर्ष राउतपुरा भाठागांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 16 डी 3227 से कालीबाड़ी चौक आया था। जहां से अज्ञात चोर ने उसकी बाइक पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 8 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घरेलू विवाद को लेकर पत्नी से मारपीट

**रायपुर** । रामेश्वर नगर भनपुरी में घरेलू विवाद को लेकर एक युवक ने अपनी पत्नी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सुषमा सिंह चौहान 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी पति प्रताप सिंह 46 वर्ष ने घरेलू विवाद को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# रायपुर में एनसीसी कैडेट ने दिया जलाशयों को स्वच्छ रखने का संदेश, विधायक, अधिकारी हुए शामिल

**रायपुर।** एनसीसी केडिट्स के द्वारा पुनीत सागर अभियान के माध्यम से लोगो को तालाबों,नदियों और जलाशयों को स्वच्छ रखने का लगातार संदेश दिया जा रहा है ।इसी कड़ी में आज सुबह छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब में पुनीत सागर अभियान का कार्यक्रम आयोजित हुआ।




इस मौके पर लोगो को तालाबों, नदियों और जलाशय को स्वच्छ रखने के लिए लोगो को प्रेरित करने के लिए एनसीसी कैडेटों को सम्मानित किया गया। इस दौरान एनसीसी कैडेटों द्वारा जल संरक्षण और उसके सदुपयोग से संबंधित नारे भी लगाए। आज के कार्यक्रम में एनसीसी रायपुर ग्रुप के विभिन्न संस्थाओं के 2000 से अधिक कैडेट्स ने भाग लिया।

यह कार्यक्रम स्थानीय लोगों तथा भावी पीढ़ी को तालाबों, नदियों और जलाशयों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करने एवं इसके महत्व को रेखांकित करने पुनीत सागर अभियान के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एनसीसी केडिटस द्वारा आयोजित किया गया। स्वच्छ भारत मिशन का विस्तार करते हुए एनसीसी द्वारा देशभर में पुनीत सागर अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसका उद्देश्य समुद्री किनारों और बीचों, झीलों, नदियों तथा तालाबों को प्लास्टिक एवं अन्य कचरों से मुक्त करना है। पर्यावरण को प्लास्टिक कचरे से बचाने के लिए लोगों को जागरूक करना और इस संदेश का प्रचार-प्रसार करना भी इस अभियान का मकसद है।

ज्ञात हो छत्तीसगढ़ राज्य में एनसीसी ग्रुप रायपुर और इसकी राज्य भर में फैली 16 इकाइयां पिछले एक साल से पुनीत सागर अभियान में शामिल है। रायपुर छत्तीसगढ़ में एनसीसी के पूरे राज्य भर के लगभग 253 स्कूलों और 100 कॉलेजों में लगभग 18 हजार कैडेट्स हैं। रायपुर ग्रुप के एनसीसी कैडैटस् द्वारा अब तक छत्तीसगढ़ के 75 जल ईकाईयो को प्लास्टिक मुक्त बनाया गया है।

# अब्दुल आसिफ खान को शिक्षा में उत्कृष्टता के राष्ट्रीय पुरस्कार

**रायपुर।** एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स द्वारा देश के सभी कॉलेज/विश्वविद्यालय/प्राथमिक/सेकंडरी शिक्षण संस्थानों में कार्यरत शिक्षको से नामांकन आमंत्रित किए गए थे जिनमे से विभिन्न श्रेणियों अंतर्गत देश में केवल 169 शिक्षकों का चयन किया गया।




प्राथमिक/सेकंडरी श्रेणी के अंतर्गत छत्तीसगढ़ से चयनित श्री अब्दुल आसिफ खान को शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए 7वें राष्ट्रीय पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया है। अब्दुल आसिफ खान को यह पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट सेवा और समाज में बहुमूल्य योगदान के लिए दिया गया। वर्तमान में अब्दुल आसिफ खान शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खदान क्षेत्र मठपुरैना विकासखंड धरसीवा रायपुर में शिक्षक के पद पर पदस्थ है और वन विभाग में कार्यरत रहे स्व. अब्दुल हकीम खान के ज्येष्ठ पुत्र है



पूर्व केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री और राज्यसभा के पूर्व उप सभापति श्री के. रहमान खान और एएमपी अध्यक्ष अमीर एड्रेसी ने 5 सितंबर 2023 को बेंगलुरु (कर्नाटक) के अल अमीन आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज में आयोजित समारोह में पुरस्कार प्रदान किया।

राष्ट्रीय पुरस्कार की इस बेहतरीन उपलब्धि पर अब्दुल आसिफ खान को परिवार जनों, मित्रो,शिक्षक साथियों ने बधाई दी और उज्वल भविष्य की कामना की है।

# रायपुर में दही हांडी प्रतियोगिता के दौरान 40 फीट की ऊंचाई पर फंसा गोविंदा, लोगों की फूली सांसे

**रायपुर।** कृष्णजन्माष्टमी पर रायपुर में विशाल मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. गुढ़ियारी के हनुमान मंदिर स्थित दही हांडी मैदान में यह प्रतियोगिता रखी गई थी. इस दही हांडी प्रतियोगिता शामिल होने दूर-दूर से टोली पहुंची थी.इस बार झारखंड, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों के लगभग 26 से ज्यादा टोलियों ने हिस्सा लिया. इस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने भी मटकी फोड़ी. इस कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ जमा थी.



महिला और पुरुषों की टीम ने फोड़ी मटकी- यहां महिला और पुरुष टोली ने एक के बाद एक मटकी फोड़ने का प्रयास करते रहे थे. यहां पर एक मटकी महिलाओं के फोड़ने के लिए लगाई गई थी जिसकी ऊंचाई लगभग 30 फीट थी. वहीं दूसरी मटकी पुरुषों के लिए रखी गई थी, इसकी ऊंचाई लगभग 40 फीट थी. इतना ही नहीं यहां मलखंभ पर भी मटकी बांधी गई थी. जिसे फोड़ने के लिए भी टोली पहुंची हुई थी. रायपुर- कृष्णजन्माष्टमी पर रायपुर में विशाल मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. गुढ़ियारी के हनुमान मंदिर स्थित दही हांडी मैदान में यह प्रतियोगिता रखी गई थी. इस दही हांडी प्रतियोगिता शामिल होने दूर-दूर से टोली पहुंची थी.इस बार झारखंड, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों के लगभग 26 से ज्यादा टोलियों ने हिस्सा लिया. इस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने भी मटकी फोड़ी. इस कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ जमा थी. महिला और पुरुषों की टीम ने फोड़ी मटकी- यहां महिला और पुरुष टोली ने एक के बाद एक मटकी फोड़ने का प्रयास करते रहे थे. यहां पर एक मटकी महिलाओं के फोड़ने के लिए लगाई गई थी जिसकी ऊंचाई लगभग 30 फीट थी. वहीं दूसरी मटकी पुरुषों के लिए रखी गई थी, इसकी ऊंचाई लगभग 40 फीट थी. इतना ही नहीं यहां मलखंभ पर भी मटकी बांधी गई थी. जिसे फोड़ने के लिए भी टोली पहुंची हुई थी.

कलेक्टर ने बीएलओ के डोर टू डोर सर्वे कार्य का किया मौका मुआयना

# निर्वाचन कार्य के लिए मतदाता सूची अद्यतन होना जरूरी - कलेक्टर

**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के.ने कहा कि निर्वाचन कार्य के लिए मतदाता सूची अद्यतन होना जरूरी है। कलेक्टर ने शनिवार को तोकापाल, दरभा और बास्तानार विकासखंड के बीएलओ द्वारा निर्वाचन कार्य हेतु मतदाता सूची में पुन:रीक्षण कार्य का अवलोकन कर डोर टू डोर सर्वे कार्य का मौका मुआयना किया। उन्होंने रायकोट के सड़कपारा-1, 3 और रायकोट-1 के सुंडीपारा में मतदाताओं का नाम का वाचन कर बीएलओ की मतदाता सूची से मिलान किया साथ ही मतदाता सूची का अद्यतन स्थिति और बीएलओ एप्प में एंट्री की स्थिति का भी संज्ञान लिया। उन्होंने बीएलओ से मतदाता सूची में नाम हटाने की कार्यवाही को नियमानुसार करने कहा।



## मतदान केंद्रों का आवश्यक व्यवस्थाओं का लिया जायजा

इसके अलावा उन्होंने तेलीमारेंगा, रायकोट, डिलमिली - 2 व 1 और तिरथुम के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक मूलभूत संरचना में पेयजल,शौचालय,रैम्प, विद्युत व्यवस्था सहित मतदान केंद्र में प्रवेश व निकास व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने मतदान केंद्रों में आवश्यक साफ सफाई करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम तोकापाल श्री भरत कौशिक, जनपद सीईओ श्री देवांगन,तहसीलदार तोकापाल, दरभा व बास्तानार उपस्थित थे।



# यात्री बस डिवाइडर पर चढ़ी, छह यात्री घायल दो गंभीर

**रायपुर।** कोरबा से राजधानी रायपुर आ रही एक यात्री बस पंतोरा थाना अंतर्गत हादसे का शिकार हो गई है। कनकी-पंतोरा मार्ग पर तेज रफ्तार बस अनियंत्रित मुख्य सड़क को छोड़कर डिवाइडर को तोड़ते हुए एक चक्का उसके उपर जा चढ़ी।



हादसे में लगभग छह यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से दो को गंभीर चोट आई है। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे की शिकार हुई बस राधे-कृष्ण कंपनी की है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार सुबह लगभग 4:00 बजे की है। यात्री बस पर लगभग 20 लोग सवार थे, जिसमें से सभी यात्री कोरबा बस स्टैंड से बस में सवार हुए थे। बस की रफ्तार काफी तेज थी। जिसके चलते बस अनियंत्रित हो गई और चालक सड़क के बीच बने डिवाइडर को तोड़ते हुए ऊपर चढ़ गई।

हादसे के बाद आसपास के लोग ने पुलिस को सूचित किया।

# सुनील रामदास ने सरिया में 20 हजार की जनसभा को प्रधानमंत्री के सभा में आने हेतु किया आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

सरिया में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पद्मश्री अनुज शर्मा नाइट्स का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम को देखने और सुनने के लिए सरिया अंचल के लगभग 40 गांव से विशाल जनसमूह की उपस्थिति को भाजपा कार्यकर्ता व रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास ने संबोधित करते हुए कहा कि कोड़ातराई में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा आगामी 14 सितम्बर को सुनिश्चित है।





इस सभा में आप सभी गणमान्य जन और मातृशक्ति को मैं आमंत्रण देने आया हूं और मेरा आप सभी से आग्रह है कि हम जिस काल में हैं। उस काल में सनातन के ध्वजवाहक एक महामानव को हमें निकट से देखने और सुनने को मिलेगा। इसलिए मेरा आग्रह है कि आप सभी मेरे आमंत्रण को स्वीकार करके मोदी को सुनने के लिए कोड़ातराई जरूर आयें। क्योंकि ऐसे लोगों का दर्शन भी सनातन को बल प्रदान करने वाला कार्य है। उन्होंने आगे रामधारी सिंह दिनकर की कुछ पंक्तियों का उल्लेख किया और कहा कि समर शेष है, नहीं पाप का भागी केवल व्याध। जो तटस्थ हैं, समय लिखेगा उनके भी अपराध,इसलिए मेरा आग्रह है कि जो सनातन का ध्वज वाहक है, उसको बल प्रदान करने के लिए हमें अपनी उपस्थिति जरूर दर्ज करानी है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि ऐसा उत्कृष्ट कार्यक्रम सरिया के हमरे परिवार जनों द्वारा कराया गया। जो कि मुक्त कंठ से प्रशंसा योग्य है। अत: इस सफ लतम् आयोजन हेतु मैं आप सभी को हृदय के अंतर तल से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

## सुनील रामदास का हुआ भव्य स्वागत

सरिया के अनुज शर्मा नाइट्स में आने वाले अतिथियों के स्वागत के लिए बनाए गए स्वागत द्वार पर सुनील रामदास का आयोजन समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

फूलमाल से स्वागत करते हुए समिति के सदस्यों ने सुनील भैया, जिन्दावाद के नारे लगाया और कार्यक्रम स्थल तक उन्हें लेकर पहुंचे। उक्त कार्यक्रम में रायगढ़ नगर से सतीश बड़ालिया, अनिल अग्रवाल और समाजसेवी दीपक डोरा की उपस्थिति रही। वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य जगन्नाथ पाणिग्रही, नगर पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल स्वर्णकार, उपाध्यक्ष अरुण सराफ , भाजपा मंडल सरिया के अध्यक्ष परदेशी प्रधान, भाजपा मंडल महामंत्री द्वय चुड़ामणि पटेल, राधामोहन पाणिग्रही, भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक जुगल किशोर अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, मनोज मेहर, राजू प्रधान, पार्षद रूप डनसेना, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य सेवकराम पटेल, नगर पंचायत बरमकेला के अध्यक्ष हेमसागर नायक, उपाध्यक्ष रामकुमार नायक, बरमकेला जनपद सदस्य मोहन पटेल, भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राधाकांत देहरीए जिला उपाध्यक्ष कैलाश पण्डा, जनपद सदस्य सुखदेव दिवानए भाजपा युवामोर्चा मण्डल अध्यक्ष राज किशोर पाणिग्रही, तुलाराम डनसेना, सीताराम प्रधान, राजू नायक बरमकेला, सीताराम पटेल,गोवर्धन निषाद, जान्हवी साहू सहित गणमान्य जन व मातृशक्ति की उपस्थिति रही।

# एक नजर

## भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं ने 6 मांगो कों लेकर क्षेत्रीय विधायक रविन्द्र चौबे व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल का किया पुतला दहन

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।



बेमेतरा जिले के साजा विधानसभा में भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ व ब्लॉक इकाई साजा ने 9 सितम्बर 2023 दिन शनिवार कों साजा बस स्टेंड में 6 सूत्रीय मांगों कों लेकर निमतीकरण करना होगा करके मुर्दा बाद का नारा लगाते हुए कांग्रेस के स्थानीय विधायक रविंद्र चौबे एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,रूद्र कुमार, शिव डहरिया कों मुर्दा बाद के नारे लगाते हुए साजा विधानसभा के बस स्टेंड में कांग्रेस के क्षेत्रिय विधायक रविन्द्र चौबे, व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल का पुतला दहन किया और साथ ही साथ पुतला कों ले करके साजा पुलिस और भीम रेजिमेंट के सदस्य के बिच झूमा झपटी हुई और थाना साजा के सामने नायब तहसीलदार कों सौंपा ज्ञापन जिसमें प्रदेश महासचिव दिनेश चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष अविनाश घृतलहरे, नवागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष लुमेश टंडन, जिला प्रभारी रेखराम सोनवानी, साजा ब्लॉक अध्यक्ष संदीप घृतलहरे,नवागढ़ ब्लॉक मीडिया प्रभारी अमित घृतलहरे, आत्मा टण्डन विमल चेलक कौशल गायकवाड़ दिनेश मनहरे राहुल बांधे सहदेव बघेल दसरू बंजारे योगेश बारले संतन चतुर्वेदी लाकेश्वर भारती भूपेश बारले दीपक बंजारे अनिल हिरवानी गजानंद टंडन ईश्वर चतुर्वेदी चेतन अनिल घृतलहरे हेमंत बघेल साहिल जांगड़े देवकुमार भारती ताराचंद चतुर्वेदी अनिल डेहरे निखिल भारती एवं सैकड़ों की संख्या में संगठन के कार्यकर्ताओं ने शामिल रहे।

## निगम क्षेत्र में पशुओं का एनिमल टेगिंग शुरू किया गया

**भिलाई** । नगर पालिक निगम भिलाई के शहरी गौठान कोसा नगर तथा पशु आश्रय स्थल में रखे घुमन्तु मवेशियों का पशुधन पालन विभाग द्वारा एनिमल टेगिंग किया जा रहा है।

निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में चल रहे रोका छेका संकल्प अभियान के तहत निगम के राजस्व अमले द्वारा सड़क तथा चौक चौराहों से पकड़कर गौठान में रखे गये 891 गाय, बैल एवं सांड का पशुधन विभाग द्वारा एनिमल टेगिंग का कार्य प्रारंभ किया गया है, शनिवार को शहरी गौठान कोसा नगर में रखे गये 416 गाय में से 100 का तथा डी-मार्ट के पास बनाये गये पशु आश्रय स्थल में रखे 475 सांड तथा बैल में से 100 पशुओं का टेगिंग किया गया है।

आपको बता दे कि गत दिवस निगम सभागार में पशुपालकों की आयोजित बैठक में आयुक्त श्री व्यास ने पशुपालन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये थे कि भिलाई निगम क्षेत्र के सभी मवेशियों का एनिमल टेगिंग किया जाना है, जिसकी शुरूवात गौठान में रखे पशुओं से किया गया है। इसके पश्चात पशुपालन विभाग निगम क्षेत्र के सभी खटालों में पहुॅच कर मवेशियों का टेगिंग नि:शुल्क करेगा।

## राज्य में 01 नवंबर से शुरू होगी धान खरीदी

**रायपुर** । धान खरीदी के लिए मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है कि विपणन वर्ष 2023-24 के लिए छत्तीसगढ़ में 1 नवंबर से ही धान खरीदी की शरुआत की जाएगी। इस बार कुल 1 करोड़ 25 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। वहीं राज्य सरकार ने भी यह स्पष्ट कर दिया है कि केन्द्र सरकार राज्य का धान खरीदे अथवा न खरीदे, राज्य सरकार अपने किसानों से 20 क्विंटल की दर से धान जरूर खरीदेगी।

खाद्यमंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी की जाएगी। इसके लिए आज व्यापक रूप से चर्चा हुई है। चर्चा में 01 नवंबर से शुरू होने होने वाले धान खरीदी को लेकर प्रत्येक बिंदु पर चर्चा की गई। इसमें वर्तमान में क्रियान्वित धान खरीदी केन्द्रों की संख्या, बारदानों की उपलब्धता, धान क्रय के समय जरूरत पडने् वाले बारदानों की संख्या व नवीन क्रय करने की योजना, खरीदी केन्द्रों की संख्या बढ़ाने जैसे कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई है। ज्ञात हो कि धान खरीदी में बारदानों की कमी न हो, इसके लिए मुख्यमंत्री ने कुछ समय पूर्व ही केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल को पत्र प्रेषित किया था। एक अनुमान के अनुसार वर्तमान में करीब ढाई लाख बारदानों की जरूरत है।

# विधानसभा स्तरीय भाजपा कार्यालय का उद्घाटन डभरा में - के के चन्दा

जोहार छत्तीसगढ़ – सक्ती।



भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा स्तरीय कार्यालय का उद्घाटन डभरा में किया गया साथ ही कोर कमेटी चंद्रपुर विधानसभा का बैठक भी आयोजित किया गया कार्यालय का उद्घाटन शक्ति जिला के जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा एवं विधानसभा प्रभारी सुशांत शुक्ला के द्वारा फीता काटकर किया गया उद्घाटन उपरांत कोर कमेटी के बैठक में आगामी 14 सितंबर को कोडातराई रायगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभा के लिए अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता एवं आम लोगों को ले जाने हेतु आवश्यक व्यवस्था बनने पर चर्चा किया गया जिसके लिए अलग-अलग प्रभारी की नियुक्ति भी किया गया युवा मोर्चा के लोगों को मोटरसाइकिल रैली के साथ जाने को कहा गया साथ ही दीवाल लेखन एवं प्रचार वाहन के माध्यम से प्रचार प्रसार किए जाने पर निर्णय लिया गया कोर कमेटी के बैठक में जिला उपाध्यक्ष पीतांबर सिंह पटेल, विधानसभा संयोजक एवं जिला मंत्री नेतराम चंद्रा, जिला मंत्री रंजीत अजगल्ले, डभरा मंडल के अध्यक्ष घासीराम अग्रवाल, कोटमी मंडल के अध्यक्ष भूपेंद्र पटेल, मालखरौदा मंडल के अध्यक्ष चंद्र कुमार चंद्रा, अड़भार मंडल के अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रूपा सिंहदेव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री कवि शरण वर्मा, विधानसभा विस्तारक पवन अग्रवाल, भोथिया मंडल के अध्यक्ष घसिया राम यादव, जिला सोशल मीडिया के सहसंयोजक दिनेश बरेठ, अजा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम दिवस पर हुआ कई आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़ – बेमेतरा।

बेमेतरा जिला में स्थित लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में 10 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में निम्न कार्यक्रम आयोजित किया गया द्य जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के तरफ से छात्राओं के द्वारा प्राध्यापकों को पौधा प्रदान किया गया एवं छात्राओं को तरु मित्र के तहत एक-एक वृक्ष बांटा गया एवं यह शपथ दिलाया गया कि उसकी भली भांति देखरेख एवं संरक्षण करें। कॉमर्स विभाग के तरफ से सहायक प्राध्यापक एवं छात्राओं के द्वारा हर्षोल्लास के साथ हरियाली दिवस मनाया गया , जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ एवं छात्राओं के द्वारा हरे रंग की पोशाक जो की प्रकृति के संरक्षण का प्रतीक है।




सभी प्राध्यापक एवं छात्राओं के द्वारा हरे रंग का पोशाक पहना गया था। जो की अपने आप के अद्वितीय दृश्य रही है। एवं महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम के अवसर पर वीडियो थिएटर के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया एवं निबंध प्रतियोगिता , नुक्कड़ नाटक, व्याख्यान , एवं पोस्टर स्लोगन का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ श्रीमती विनिता गौतम जी के द्वारा बच्चो को आत्महत्या रोकथाम संबंधी एवं जानकारी को बहुत ही कम शब्दों में विस्तार पूर्वक समझाया गया। समाज शास्त्र विभाग की एच ओ डी श्रीमती श्वेता पावले , एन एस एस प्रभारी सहायक प्राध्यापक सुश्री सरस्वती चौहान, शुभम जैन( अतिथि व्याख्याता अर्थशास्त्र एवं मीडिया प्रभारी / समस्त रैली), सूरज कुमार सोनी अतिथि व्याख्याता वाणिज्य, अशोक कुमार सोनी अतिथि व्याख्याता हिंदी, दिलीप कुमार जंतु शास्त्र, संगीता पटेल भाषा, डॉ दिनेश कुमार, समाजशास्त्र, डॉ विमलेश कुमार राजनीति विज्ञान, दीनानाथ सारथी राजनीति विज्ञान, अंकित कुमार राजनीति विज्ञान, सौरभ साहू अतिथि व्याख्याता सहित समस्त महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहे, साथ ही साथ आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागी बने छात्राओं को प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्कार से भी सम्मानित किया गया, आई क्यू ए सी प्रभारी श्री टिकेंद्र वर्मा के द्वारा कार्यक्रम के समापन पर आभार व्यक्त किया गया। साथ ही साथ महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ गौतम के द्वारा यह भी बताया गया की अब से महाविद्यालय में अब प्रत्येक शनिवार को इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों के सात साथ महाविद्यालय के प्राध्यापकों के द्वारा बच्चो को योग की शिक्षा , इंग्लिश स्पोकन की शिक्षा के साथ साथ कंप्यूटर की शिक्षा भी महाविद्यालय में प्रदान किए जायेंगे जो की 21वी सदी के युग के आधार पर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सकारात्मक सिद्ध होंगे।

## रीपा से जुड़ी महिलाओं ने तैयार किया गणेश जी की प्रतिमाएं

**अंबिकापुर-रायपुर** । गणेश चतुर्थी का पावन पर्व शुरू होने वाला है। इसके पूर्व रीपा से जुड़ी महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं सुंदर और आकर्षक गणेश भगवान की प्रतिमा बना रही है। रीपा में शामिल महिलाओं ने बताया कि इस बार उन्होंने विघ्नहर्ता की कई प्रतिमाएं तैयार की हैं, जो अब बाजार में जाने के लिए तैयार हैं। गणेश उत्सव के लिए इस बार रीपा से जुड़ी मातृ शक्तियों ने बप्पा की शानदार प्रतिमाएं तैयार की हैं जो घरों में स्थापित होने के लिए तैयार हैं। गणेश चतुर्थी के दस दिनों तक अब बप्पा के भक्त उनकी सेवा-आराधना करने की तैयारी कर रहे हैं। त्योहार के अवसर पर बड़ी संख्या में गणेश भगवान मूर्ति की मांग बनी रहती है अम्बिकापुर जिले के रीपा मेंड्राकला की गणेश की मूर्ति निर्माण उत्पादक समूह कर्मी और शक्ति ममूह की महिलाओं द्वारा गणेश प्रतिमा बना रही है। महिलाओं ने बताया कि त्यौहार को देखते हुए गणेश प्रतिमा बनाने की मांग अच्छी खासी बनी हुई है। अब तक 7000 रूपए के मूर्ति का विक्रय भी कर चुके हैं। डिमांड इतनी ज्यादा है कि लोगों के द्वारा एडवांस में मूर्ति आर्डर दिया जा रहा है। स्व सहायता समूह कि महिलाओं ने बताया कि शहरों में स्टॉल लगाकर गणेश मूर्ति का विक्रय किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन ने रीपा के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उघोग से जोडने् का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। रक्षाबंधन त्योहार के अवसर पर भी महिलाओं ने सुंदर और आकर्षक राखी बनाकर विक्रय किया जिससे उनको अच्छी आमदनी भी प्राप्त हुई।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कांग्रेस जनों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़ – शक्ति।

संकल्प शिविर को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में विधानसभा शक्ति के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें 12 सितंबर को शक्ति के नंदिनी भाटा वन विद्यालय मैदान में होने वाले संकल्प शिविर के संबंध में चर्चा की गई एवं कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग जिम्मेदारी निर्वहन करने की बात कही संकल्प शिविर में विधानसभा क्षेत्र के 235 पोलिंग बूथ के कार्यकर्ता सेक्टर प्रभारी जीवन प्रभारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता का एक सम्मेलन होना है जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी कुमारी शैलजा छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष दो चरण दास महान छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक



भैया मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार राजेश तिवारी विनोद वर्मा एवं अन्य प्रदेश के बड़े कांग्रेस नेता संकल्प शिविर में भाग लेने आएंगे बैठक में या सुनिश्चित किया गया कि सभी पोलिंग बूथ के कार्यकर्ता उक्त बैठक में शामिल हो तथा वरिष्ठ नेताओं द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दिशा निर्देश प्राप्त करेंगे आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तिलोकचंद जायसवाल जिला प्रतिनिधि गुलजार सिंह ठाकुर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिगंबर चौबे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शक्ति के अध्यक्ष कन्हैया कुमार जिला महिला कांग्रेस के अध्यक्ष गीता देवांगन कृषि उपज मंडी शक्ति के अध्यक्ष रूप नारायण साहू अधिवक्ता गिरधर जायसवाल रथ राम पटेल सम्मेलन गबल संतोष लाल सोनी राम सजीवन देवांगन रामनाथ जायसवाल तनवीर कुरेशी राहुल अग्रवाल नगर पंचायत बाराद्वार के उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

# राज्य स्तरीय उड़ानदस्ता की अवैध शराब पर कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़ – बलौदाबाजार।

जिला आबकारी विभाग बलौदाबाजार व जिला पुलिस प्रशासन अवैध शराब के ऊपर कार्यवाही को लेकर कितना भी डिंगे हाके लेकिन धरातल पर माफियाओ का जो बाजार खुले आम फल फूल रहा है उसका सीधा उदाहरण बीते शुक्रवार की रात्रि राज्य स्तरीय उड़न्दस्ता का थाना पलारी से लगे संडी में अवैध शराब ऊपर जो कार्यवाही कीया गया है उससे स्पष्टत: जिला प्रशासन की पोल खोलता नजर आ रहा है। राज्य स्तरीय उड़न्दस्ता की उक्त कार्यवाही व जिला आबकारी को लगाई गई फटकार से आबकारी विभाग बलौदाबाजार घोर निद्रा से जागी और पलारी क्षेत्र में ही अवैध शराब पर कार्यवाही क्र जिलावासियो पर बहुत बड़ा




अहसान किया है जिसकी चारो तरफ भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही हैअब सबसे बढ़ा सवाल बनता है कि पलारी थाना पुलिस अपनी जिम्मेदारीयों का कितनी ईमानदारी से निर्वहन कर रही है कि जिसके नाक के नीचे राज्य स्तरीय कार्यवाही एवं जिला आबकारी की कार्यवाही हो गयीऔर उसे भनक भी नहीं हुई

क्या पलारी थाना उदासीनता से थाना प्रभारी एवं संडी बीट प्रभारी की माफियायों के साथ संलिप्तता स्पष्ट नजर आ रही है

पुलिस विभाग के थर्ड आई कहे जाने वाले अन्तर्यामी साइबर सेल भी अंतरध्यान प्रतीत होता नजर आ रहा है

आगामी विधानसभा चुनाव के सफल एवं शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिये जिले के आला कमान द्वारा कौन से ठोस कदम उठाती है यह देखने वाली बात होंगी।

बहरहाल जिला पुलिस, आबकारी विभाग,साइबर सेल एवं जिले के पुलिस थाना चौकियो द्वारा आगामी कार्यवाही अंतर राज्यों एवं अवैध शराब पर नक़ल किस प्रकार से कसती है।

## गिप्पी ग्रेवाल की कैरी ऑन जट्टा 3 ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दी दस्तक




पंजाबी सिनेमा के मशहूर अभिनेता-गायक गिप्पी ग्रेवाल को आखिरी बार फिल्म कैरी ऑन जट्टा 3 में देखा गया था।महज 15 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 102.75 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था। अब कैरी ऑन जट्टा 3 ने ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल टीवी पर दस्तक दे दी है। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं। फिल्म कैरी ऑन जट्टा 3 में गिप्पी की जोड़ी सोनम बावजा के साथ बनी थी, जिसे सिनेमाघरों में दर्शकों का खूब प्यार मिला था।गुरप्रीत घुग्गी, कविता कौशिक, बिन्नू ढिल्लों, जसविंदर भल्ला, करमजीत अनमोल और नासिर चिन्योति भी इस फिल्म का हिस्सा थे।



## कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना: कुशा कपिला

कुशा कपिला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म सुखी को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं. उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर बात की है. सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और एक्ट्रेस कुशा कपिला ने कुछ समय पहले पति जोरावर अहलूवालिया से अलग होने का फैसला लिया था. उन्होंने इस बारे में सोशल मीडिया पर फैंस को बताकर चौंका दिया था. जोरावर से तलाक लेने की अनाउंसमेंट करने के बाद कुशा को सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल किया गया था. कुशा ने अब ट्रोल करने वालों को करारा जवाब दिया है. साथ ही बताया कि वह इस आलोचना से कितनी प्रभावित हुई थीं. कुशा कपिला का नाम हाल ही में बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर से जोड़ा गया था. जिसका बारे में तुरंत बात करके कुशा ने लोगों का मुंह बंद करवा दिया था. कुशा ने एक इंटरव्यू में बताया है कि उन्होंने आलोचना का कैसे सामना किया. कुशा ने कहा कि उनके दोस्त, फैमिली ने ऑनलाइन ट्रोलिंग के दौरान बहुत सपोर्ट किया. सभी ने मेरे चारों तरफ एक सर्कल बना लिया था जो मुझे हर चीज से प्रोटेक्ट करता था और मैं खुशकिस्मत हूं कि ऐसे लोग मेरी जिंदगी में हैं. कुशा ने आगे कहा- मैं समझती हूं कि ये पब्लिक पर्सन होने का हिस्सा है. कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना और ये होने ही वाला है. कुशा ने आगे कहा- मुझे लगता है कि मैं अब हर दिन मजबूत होती जा रही हूं. इसी के लिए मैं रोजाना काम कर रही हूं. मैं इम्यून होना चाहती हूं और घाव जल्द ही भर जाएंगे. कुशा के एक्स हसबैंड उनके सपोर्ट में उतरे थे. जोरावर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर करके अपनी नाराजगी जाहिर की थी. उन्होंने लिखा था- मुझे एहसास हुआ कि हम पब्लिक लाइफ जीते हैं लेकिन कुछ ऐसी चीजें भी हैं बहुत पवित्र हैं. हमारी शादी और एक-दूसरे के लिए रिस्पेक्ट भी उन्हीं में से एक है.

## ऑरेंज कलर का आउटफिट पहन इवेंट में पहुंचीं शहनाज गिल

### तस्वीरें इंटरनेट पर मचा रहीं बवाल

एक्ट्रेस शहनाज गिल आए दिन अपनी फ़ोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर कर कयामत ढा देती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही धमाल मचाने लग जाता है। बता दें कि एक्ट्रेस के पास इन दिनों कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। शहनाज जल्दी ही फिल्म थैंक्यू फॉर कमिंग में नजर आएंगी।

इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान शहनाज अपनी बाकी स्टारकास्ट के साथ पहुंचीं। लेकिन सब लोगों की नजर शहनाज पर ही टिकी रह गई थी। पंजाबी और बॉलीवुड इंडस्ट्री में अपने चुलबुले अंदाज से लोगों के बीच अपनी पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस शहनाज गिल आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। हाल ही में अपनी अपकमिंग फिल्म थैंक्यू फॉर कमिंग ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान एक्ट्रेस ने बेहद ही बोल्ड आउटफिट कैरी किया हुआ था। एक्ट्रेस शहनाज गिल के इस स्टाइलिश बैकलेस ऑरेंज कलर के गाउन पर से लोगों की नजरें हटने का नाम नहीं ले रही थी। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस शहनाज किलर अपने परफेक्ट बॉडी कर्व्स फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। कैमरे के सामने शहनाज गिल एक से बढ़कर एक पोज देती हुई सिजलिंग पोज दे रही हैं। ओपन हेयर और न्यूड मेकअप लुक कर के एक्ट्रेस ने शहनाज गिल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बताते चलें कि इस फिल्म की लीड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर हैं। ये मूवी 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो जाएगी। इस फिल्म की कहानी लड़कियों पर बेस्ड है, जिसमें दिखाया गया है कि वो अपनी लाइफ के फैसले खुद ले सकती हैं।



## जुबिन नौटियाल का नया गाना राब्ता रिलीज, अदा शर्मा ने दिया साथ



भारतीय सिनेमा के जाने-माने गायक जुबिन नौटियाल का नया गाना राब्ता रिलीज हो चुका है, जिसे सोशल मीडिया पर भरपूर प्यार मिल रहा है।राब्ता को जुबिन ने चिरंतन भट्ट के साथ मिलकर गाना है। इस गाने के बोल जुनैद वसी ने लिखे हैं।इसमें जुबिन की जोड़ी फिल्म द केरल स्टोरी अभिनेत्री अदा शर्मा के साथ बनी है।राब्ता में दोनों सितारों की केमिस्ट्री देखने लायक है। गाने को प्राकृतिक नजारों की खूबसूरती के बीच फिल्माया गया है। जुबिन ने इंस्टाग्राम पर राब्ता गाना साझा किया है। उन्होंने लिखा, मेलोडी लव और कनेक्शन को अपने दिल में भरने दें। राब्ता गाना जारी।इस गाने का निर्देशन ध्रुवल पटेल और जिगर मुलानी ने किया है। भूषण कुमार राब्ता के निर्माता हैं।जुबिन को बेवफा तेरा मासूम चेहरा और दिल गलती कर बैठा है जैसे गानों के लिए जाना जाता है।अदा की आगामी फिल्मों की बात करें तो वह द गेम ऑफ गिरगिट में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी। इस गाने की रिलीज से पहले एक्ट्रेस अदा खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की थी जिसमें वो जुबिन नौटियाल के साथ फोटो के लिए पोज देते हुए दिखी थी।

## लगातार घट रही गदर 2 की दैनिक कमाई, अब जवान से होगा मुकाबला




सनी देओल, अमीषा पटेल और उत्कर्ष शर्मा जैसे सितारों से सजी फिल्म गदर 2 ने अपनी रिलीज के पहले दिन से टिकट खिड़की पर गदर मचाया हुआ है।22 साल बाद आए गदर के सीक्वल को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। फिल्म का सिनेमाघरों में रिलीज का यह चौथा हफ्ता चल रहा है और टिकट खिड़की पर गदर 2 अपनी पकड़ बनाए हुए है। हालांकि, अब फिल्म की दैनिक कमाई में गिरावट जारी है।

रिपोर्ट के अनुसार, गदर 2 ने रिलीज के 27वें दिन 2.80 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इसी के साथ फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 508.97 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म ने दुनियाभर में 650 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है, वहीं भारत में फिल्म ने 500 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।इसमें सिमरत कौर, लव सिन्हा और मनीष वाधवा जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। टिकट खिड़की पर गदर 2 का सामना सामना ओह माय गॉड 2, कुशी और ड्रीम गर्ल 2 से हो रहा है।

## अक्षय कुमार की मिशन रानीगंज का टीजर जारी, 6 अक्टूबर को दर्शकों के बीच आएगी फिल्म



मिशन रानीगंज एक अपकमिंग बॉलीवुड फिल्म है, जोकि सर्वाइवल थ्रिलर है. फिल्म को तिनु सुरेश देसाई ने निर्देशित किया है और पूजा एंटरटेनमेंटने प्रोड्यूस किया है. फिल्म में प्रमुख भूमिका में अक्षय कुमार और परिणीति चोपड़ा दिखाई देंगे. साथ ही फिल्म का मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है जोकि काफी इंटेंस लग रहा है. यह फिल्म 6 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

मिशन रानीगंज फिल्म का प्रमुख कथा रानीगंज कोलफील्ड में हुए एक वास्तविक घटना पर आधारित है और इसमें अक्षय कुमार प्रमुख भूमिका में हैं, जो कोयला खदान में एक रेस्क्यू ऑपरेशन का हिस्सा बनते हैं. फिल्म की डिटेल्स और मोशन पोस्टर से यह स्पष्ट होता है कि फिल्म एक उत्कृष्ट सर्वाइवल थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत की जा रही है, जिसमें दर्दनाक परिस्थितियों में अक्षय कुमार की ब्रेवरी और जीवन की खतरों से भरपूर कहानी दिखाई जाएगी.

अक्षय कुमार के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे आखिरी बार ओह माय गॉड के सीक्वल ओएमजी 2 में दिखाई दिए थे. अमित राय द्वारा डायरेक्टेड यह फिल्म हस्थ मैथुन और सेक्स एजुकेशन पर बेस्ड है, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला. साथ ही फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी लगभग 148.92 करोड़ का कारोबार किया है. फिल्म में अक्षय के अलावा पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम भी प्रमुख भूमिकाओं में दिखाई दिए.

## खेल




# नेमार ने पेले का रिकॉर्ड तोड़ा


### ब्राजील के टॉप गोल स्कोरर बने; बोलीविया 5-1 से हारा

ब्राजील ने शुक्रवार को साउथ अमेरिका 2026 वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स मैच में बोलिविया को 5-1 से हरा दिया। इस मैच में नेमार ने इतिहास रच दिया। नेमार जूनियर अब ब्राजील के ऑलटाइम टॉप गोल स्कोरर बन गए हैं। ऐसा कर उन्होंने पूर्व दिग्गज पेले के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पेले ने साल 1957 और 1971 के बीच ब्राजील के लिए 92 मैच खेले और कुल 77 गोल किए। नेमार अब उनसे आगे निकल गए हैं, उनके अब 79 गोल हो गए हैं। नेमार का यह 125वां मैच था। पेले की पिछले साल दिसंबर में 82 साल की आयु में मृत्यु हो गई।

ब्राजील के टॉप-5 गोल स्कोरर कौन हैं, यह आप अगली तस्वीर में देख सकते हैं।

### ब्राजील ने बोलीविया को हराया

ब्राजील ने बोलीविया को 5-1 से हराया। मैच में नेमार ने दो गोल किए। मैच के 17वें मिनट में नेमार ने एक पेनल्टी मिस कर दी थी, जिसे बोलीविया के गोलकीपर बिली विस्कारा ने बचा लिया था। ब्राजील के लिए नेमार (61वें, 90+3वें मिनट) रोड्रिगो (24वें, 53वें मिनट) और राफिन्हा (47वें) ने गोल किए। वहीं बोलीविया के लिए एकमात्र गोल विक्टर अब्रेगो (78वें मिनट) ने किया।







अर्जेंटीना ने इक्काडोर को हराया

वहीं गुरुवार को FIFA वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स में अर्जेंटीना ने इक्काडोर को 1-0 से हरा दिया। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। लियोनेल मेसी की फ्री-किक से अर्जेंटीना ने इक्काडोर को 1-0 से हराया।

### एक नजर

## पाकिस्तान के खिलाफ महारिकॉर्ड बना सकते हैं रोहित शर्मा, बनाने होंगे सिर्फ इतने रन



**नई दिल्ली** । एशिया कप 2023 में भारतीय टीम सुपर 4 राउंड के लिए पूरी तरह से तैयार नजर आ रही है, जहां उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मुकाबला 10 सितंबर को खेलना है। इस मैच में टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा के पास एक खास रिकॉर्ड बनाने का शानदार मौका है। रोहित शर्मा इस मुकाबले में क्रिकेट के एक खास क्लब का हिस्सा बन सकते हैं। रोहित शर्मा अच्छे फॉर्म में नजर आ रहे हैं और फैंस को उम्मीद होगी कि वह इस मुकाबले में इस रिकॉर्ड को हासिल कर लेंगे।

### पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड बनाने का मौका

पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर 4 में खेले जाने वाले मुकाबले में रोहित शर्मा एक धाकड़ रिकॉर्ड बनाने के करीब हैं। इस मैच में रोहित शर्मा सिर्फ 78 रन बनाते ही वनडे क्रिकेट में अपने 10 हजार रन पूरे कर लेंगे। रोहित शर्मा के वनडे आंकड़ों पर एक नजर डालें तो उन्होंने 246 मैचों की 239 पारियों में 9922 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके नाम तीन दोहरा शतक दर्ज है।

### नोवाक जोकोविच 10वीं बार US ओपन के फाइनल में पहुंचे

## मेदवेदेव ने डिफेंडिंग चैम्पियन अल्कारेज को हराया, बोपन्ना की जोड़ी फाइनल में हारी




टेनिस के स्टार खिलाड़ी नोवाक जोकोविच शुक्रवार को अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन को हराकर स ओपन के मेंस सिंगल्स के फाइनल में पहुंच गए। जोकोविच 10वीं बार स ओपन के फाइनल में पहुंचे हैं। डिफेंडिंग चैम्पियन कार्लोस अल्कारेज रूस के डेनियल मेदवेदेव से हारकर बाहर हो गए।

***जोकोविच ने शेल्टन को हराया***

मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच ने बेन शेल्टन को हराया। जोकोविच 10वीं बार स ओपन के फाइनल में पहुंचे हैं। जोकोविच 17वीं बार स ओपन में खेल रहे हैं। जोकोविच ने शेल्टन को 6-3, 6-2, 7-6 (7/4) से हराया। तीन बार के स ओपन विजेता जोकोविच का फाइनल में मुकाबला रुसी खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव तीसरी बार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं।

नोवाक जोकोविच ने बेन शेल्टन को 6-3, 6-2, 7-6 (7/4) से हराया।

नोवाक जोकोविच ने बेन शेल्टन को 6-3, 6-2, 7-6 (7/4) से हराया।

बेन शेल्टन (बाएं) पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

बेन शेल्टन (बाएं) पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

**फाइनल में मेदवेदेव का सामना जोकोविच से-** डेनियल मेदवेदेव ने शुक्रवार को रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में डिफेंडिंग चैम्पियन कार्लोस अल्कारेज को हराकर स ओपन के फाइनल में तीसरी बार प्रवेश किया।

### बांग्लादेश-श्रीलंका मैच की फैंटेसी इलेवन

## शाकिब अल हसन को कप्तान और कुसल मेंडिस को उप कप्तान चुन सकते हैं




**कोलंबो।** एशिया कप के सुपर-4 स्टेज का दूसरा मुकाबला आज डिफेंडिंग चैंपियन श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा। इस मुकाबले की शुरुआत कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भारतीय टाइमिंग के मुताबिक दोपहर 3:00 बजे से होगी। टॉस दोपहर 2:30 बजे होगा। मुश्फिकुर रहीम- विकेटकीपर बल्लेबाज मुश्फिकुर रहीम एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ 87 गेंदों पर 64 रन की पारी खेली। इस साल मई में आयरलैंड के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज में उन्होंने 71 की औसत से 142 रन बनाए थे। वे सीरीज में तीसरे टॉप स्कोरर थे।

कुसल मेंडिस- अफगानिस्तान के खिलाफ कुसल मेंडिस ने 84 गेंदों पर 92 रन की पारी खेली थी। उन्होंने विकेट के पीछे एक खिलाड़ी का कैच पकड़कर पवेलियन की राह दिखाई। इस साल खेले 18 वनडे मैचों में करीब 31 की औसत से 426 रन बनाए हैं, जबकि विकेट के पीछे रहते 21 खिलाड़ियों के कैच भी पकड़े हैं। पथुम निसांका- एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे मैच में पथुम निसांका ने 40 गेंदों पर 41 रन की पारी खेली। जिम्बाब्वे में हुए वनडे वर्ल्ड कप क्वालिफाइंग टूर्नामेंट में निसांका दूसरे टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 9 मैचों में 69.50 की औसत से 417 रन बनाए। उन्होंने 2 शतक और 2 अर्धशतक भी जमाए हैं।

## एक और भारतीय खिलाड़ी ने किया काउंटी का रुख, देश के लिए लगा चुका है ट्रिपल सेंचुरी




**नई दिल्ली** । इन दिनों कई भारतीय खिलाड़ी इंग्लैंड के घरेलू क्रिकेट काउंटी का रुख करते हुए नजर आ रहे हैं। पिछले कुछ समय में जहां चेतेश्वर पुजारा जैसे खिलाड़ियों ने काउंटी के दम पर इंटरनेशनल टीम में वापसी की। उसके बाद उमेश यादव, नवदीप सैनी, पृथ्वी शॉ जैसे खिलाड़ियों ने भी इंग्लैंड के घरेलू क्रिकेट की ओर रुख किया। हाल ही में एशिया कप और वनडे वर्ल्ड कप के लिए टीम में नहीं चुने गए युजवेंद्र चहल ने भी काउंटी टीम केंट के साथ करार किया था। अब इसी कड़ी में एक और भारतीय खिलाड़ी का नाम जुड़ गया है। आपको बता दें कि भारतीय टीम के लिए 6 टेस्ट खेलने वाले और ट्रिपल सेंचुरी लगाने वाले बल्लेबाज करुण नायर ने अब काउंटी की ओर रुख किया है। वह मौजूदा सत्र में काउंटी चैम्पियनशिप के बचे हुए तीन मैचों में खेलने के लिए तैयार हैं। नायर ने इंग्लिश काउंटी टीम नार्थम्पटनशायर के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। 31 वर्षीय करुण नायर नॉर्थम्पटनशायर में सैम वाइटमैन की जगह लेंगे जो अपने देश ऑस्ट्रेलिया लौट गए हैं। नायर ने इसको लेकर एक बयान भी जारी किया और कहा कि, मैं नार्थम्पटनशायर से जुड़ने और काउंटी चैम्पियनशिप में खेलने के लिए उत्साहित हूं। आप काउंटी क्रिकेट के बारे में काफी कुछ सुनते हो और मैं जानता हूं कि पृथ्वी शॉ जब टीम के साथ थे, उन्होंने काफी लुत्फ उठाया था इसलिए काउंटी में खेलने का मौका मिलने से उत्साहित हूं।

# दनगरी सामूहिक दुष्कर्म और जन्माष्टमी त्यौहार को बाधित करने के विरोध में भाजपा ने घेरा विधायकों का निवास

* आरोपितों की गिरफ्तार न होने पर कांग्रेस विधायकों पर लगाया राजनीतिक संरक्षण देने का आरोप

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

दनगरी में महिला शिक्षक से हुए सामूहिक दुष्कर्म और दुलदुला ब्लाक के सिमड़ा पंचायत के डूमरबहार में जन्माष्टमी त्यौहार के आयोजन को बाधित करने के मामले को लेकरएभारतीय जनता पार्टी ने कुनकुरी के विधायक और संसदीय सचिव यूडी मिंज और जशपुर के विधायक विनय भगत के निवास का घेराव किया। जशपुर में शहर के सन्ना रोड में स्थित विधायक विनय भगत के निवास का घेराव का नेतृत्व सांसद गोमती साय, जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत, पूर्व मंत्री गणेश राम भगत, पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता कश्यप ने सम्हाला। यहां,विधायक निवास का घेराव करने की जिम्मेदारी भाजपा के महिला मोर्चा को दिया गया था। घेराव आंदोलन में शामिल होने के लिए जिले भर से पार्टी की महिला कार्यकर्ता जुटी थी। दोपहर लगभग 2 बजे,जिला भाजपा कार्यालय से विधायक निवास का घेराव करने के लिए,रैली की शक्ल में महिलाएं भाजपा कार्यालय से निकली। भाजपा कार्यालय से हनुमान मंदिर चौक,महाराजा चौक होते हुए रैली सन्ना रोड पहुंची। इस दौरान महिलाओं ने दनगरी सामूहिक दुष्कर्म के आरोपितों को गिरफ्तार करने और विधायक पर आरोपितों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी कर रही थी। विधायक निवास के पास एसडीओपी राजेश कुमार,नायब तहसीलदार सुशील सेन और कोतवाली प्रभारी रवि शंकर तिवारी के साथ पुलिस बल मौजूद था। बैरिकेटिंग के कारण भाजपाई,आगे नहीं बढ़ सके। इस पर,सड़क पर ही महिलाएं धरने में बैठ कर नारेबाजी करने लगी। धरना और नारेबाजी का यह सिलसिला लगभग 1 घंटे तक चलता रहा।




आंदोलन में पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, पूर्व मंत्री गणेश राम भगत, जिला भाजपा अध्यक्ष सुनिल गुप्ता, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ममता कश्यप,नगरपालिका की पूर्व अध्यक्ष रजनी प्रधान,पूर्व जनपद अध्यक्ष शारदा प्रधान,अंजू टोप्पो, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश राम भगत,देवेन्द्र गुप्ता,जशपुर शहर मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह,नगरपालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे। दनगरी सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार आरोपितों की गिरफ्तारी न होने पर महिलाओं ने खुल कर नाराजगी जताई। विधायक निवास के पास धरने में बैठी महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुएएजिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनि भगत ने कहा कि शिक्षक दिवस से एक दिन पहले,महिला शिक्षक से दुष्कर्म की शर्मनाक घटना से पूरा जशपुर जिला दहल गया है। लेकिन,विधायक विनय भगत,मौन साध कर बैठे हुए हैं। उन्होनें इंटरनेट मिडिया में प्रसारित हो रहे आरोपित के साथ विनय भगत की तस्वीर पर सवाल उठाते हुए,आरोप लगाया कि विधायक



* विधायक विनय भगत के निवास के पास महिलाओं ने सड़क पर धरना देकर की नारेबाजी

* आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर सड़क में उतरने की चेतावनी दी

द्वारा दिये जा रहे राजनीतिक संरक्षण के कारण ही पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। उन्होनें कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 15 साल



के शासन काल में छत्तीसगढ़ की जनता को भूख के भय से मुक्त कर दिया था। केन्द्र सरकार ने गरीब जनता को पक्का मकान,नि:शुल्क इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड,किसानों को सम्मान निधि दिया है। कांग्रेस को बताना चाहिए कि पांच साल के शासन काल में उसने छत्तीसगढ़ की जनता के लिए क्या किया है। सांसद गोमती साय ने दनगरी मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी में हो रहे लेट लतीफी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि भूपेश सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से लचर हो गई है। आम जनता डर से घरों में छिपी हुई है और अपराधी,राजनीतिक संरक्षण पा कर,खुले आम घूम रहे हैं। उन्होनें दनगरी के मामले को जशपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के लिए शर्मनाक बताते हुए कहा कि कांग्रेस के विधायकों को सरकारी जमीन अपने नाम कराने और भ्रष्टाचार से काला धन जमा करने से फुर्सत नहीं है। इसलिए,जनता की सुरक्षा की चिंता नहीं कर रहें हैं। पूर्व मंत्री गणेश राम भगत ने दनगरी मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी न होने पर,हजारों की संख्या में सड़क पर उतरने की घोषणा की।

कुनकुरी में पूर्व केन्द्रीय मंत्री विष्णुदेव साय और शौर्य प्रताप ने सम्हाला मोर्चा

*कुनकुरी के विधायक और संसदीय सचिव यूडी मिंज के निवास का घेराव की जिम्मेदार भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सम्हाली थी। यहां आंदोलन का नेतृत्व पूर्व केन्द्रीय मंत्री विष्णुदेव साय और भाजयुमो के जिलाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने किया। रैली की शक्ल में विधायक निवास घेरने पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस प्रशासन ने बेरिकेट लगा कर पहले ही रोक दिया। इस दौरान पुलिस के जवानों और भाजपा कार्यकर्ताओं में हल्की झूमाझटकी भी हुई। आंदोलन के बाद मिडिया को संबोधित करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री साय ने कहा कि डूमरबहार में जिस तरह विधायक यूडी मिंज और कांग्रेस सरकार का धौंस दिखा कर,वर्ग विशेष के लोगों ने कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को बाधित करने का प्रयास किया है। इससे यह साबित होता है कि सनातन विरोधियों और असामाजिक तत्वों को कांग्रेस के विधायक संरक्षण दे रहें हैं। उन्होनें इस पूरे मामले में पुलिस प्रशासन पर राजनीतिक दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस,इस पूरे प्रकरण को जमीन विवाद का मामला, बता कर,लिपापोती करने में जुटी हुई है। लेकिन,भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इसे सफल नहीं होने देगें। जब तक,पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर लेती है,तब तक,भाजपा चुप नहीं बैठेगी।*

## एक नजर

### ग्रामीण अंचल के बाजारों में पसरा शुल्क कर दिया गया है समाप्त, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की थी घोषणा

* किसी प्रकार का पसरा शुल्क न वसूला जाए, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी सीईओ जनपदों को जारी किया पत्र

* केवल लिया जाएगा बाजार शुल्क

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा ग्रामीण अंचल के बाजारों में पसरा शुल्क समाप्त करने की घोषणा की गई है। उक्त घोषणा के फ्लस्वरूप कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने समस्त जनपद पंचायत सीईओ को पसरा शुल्क की वसूली न किए जाने के संबंध में निर्देशित किया है। चूंकि जनसामान्य, ग्राम पंचायत सचिवों एवं पदाधिकारियों में संपूर्ण बाजार फीस माफकर दिए जाने जैसी अफ्वाहें फैली हुयी है, जो भ्रामक है। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि पसरा शुल्क माफकिया गया है, लेकिन बाजार शुल्क की शत-प्रतिशत वसूली की जानी है। जिसके संबंध में बाजार फीस की प्रभावी दरें लागू की गई है। जिसमें प्रति वर्ग मीटर या उसके किसी भाग के स्थान के लिए न्यूनतम 30 पैसे प्रतिदिन या 8 रुपये प्रतिमास अथवा अधिकतम 50 पैसे प्रतिदिन या 14 रुपये प्रतिमास की दर प्रभावी है।

### केन्दा नाका चौकी बेलगहना में चेकिंग के दौरान छः लाख रूपये बरामद, रकम को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह भापुसे के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल देव शर्मा एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पुलिस कोटा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में चौकी बेलगहना अन्तर्गत पुलिस सहायता केन्द्र केन्द्रा प्रभारी अशोक मिश्रा सहा उप निरी आरक्षक के 203 सत्येन्द्र सिंह राजपुत, आरक 161 देवेन्द्र शर्मा, आर के 66 भास्कर साहू द्वारा चुनाव के मद्देनजर संदिग्ध एवं अवैध वस्तुओं के परिवहन के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के क्रम में वाहनों की सतत चेकिंग किया जा रहा है। आज दिनांक 09 सितंबर को पुलिस सहायता केन्द्र केन्दा नाका के पास मुखबिर सूचना के आधार पर वाहन कमांक एम पी 04 जे ई 3339 एमजी ग्लोस्टर चार पहिया वाहन को रोककर विधिवत चेकिंग किया गया। जिस पर सवार अनावेदक,सत्यनारायण प्रसाद पिता रामा कोटईया उम्र 51 वर्ष बिला नं 07 लहरी, अकार्ड विलास साई सागर जिला तिरुमलाईगिरी जिला हैदराबाद तेलंगाना के कब्जे से एक लाल प्लास्टिक थैले में 500 रूपये के सौ-सौ नोटो का कुल 12 बंडल जिसमें 500 रूपये के कुल 1200 नोट कीमती छः लाख रूपये, रखा पाया गया। रूपये रखने के संबंध में अनावेदक से पूछताछ करने पर रेल्वे में ठेकेदारी करना एवं लेबर पेमेन्ट हेतु उक्त रकम स्वयं के पास रखना बताया। किन्तु स्वयं के पास मौजूद रकम के स्त्रोत के संबंध में कोई संतुष्टि कारण एवं वैध दस्तावेज नहीं प्रस्तुत किया। लिहाजा उक्त रकम को धारा 102 जाफौ के तहत विधिवत गवाहों के समक्ष जप्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है। संपूर्ण जांच में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी अशोक मिश्रा सहा उप निरी. रक्षक के 203 सत्येन्द्र सिंह राजपूत, आरके 161 देवेन्द्र शर्मा, आरआर के 66 भास्कर साहू की विशेष योगदान जारी है।

## सेजेस महापल्ली में हुआ विविध कार्यक्रमों का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय योजना अंतर्गत संचालित शासकीय हेमसुंदर गुप्ता उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय महापल्ली में विद्यालय के प्राचार्या जेसुजाता राव के मार्गदर्शन में आज राज्य कार्यालय के निर्देश पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें किरण मिश्रा व्याख्याता के निर्देशन में वर्तमान में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत डॉक्टर सुभाष झा आयुष विभाग महापल्ली के द्वारा हस्त प्रक्षालन कर विद्यार्थियों को स्वच्छता के बारे में संदेश दिए एवं भोजन करने से पहले व किसी भी दैनिक कार्य को करने के बाद अपने हाथों को किस प्रकार साफ करना चाहिए और स्वस्थ रहने हेतु स्वच्छता क्यों महत्वपूर्ण है इस बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही हाथ धोने के तरीके को प्रयोग कराकर बच्चों को सिखाया गया सभी बच्चों को नियमित रूप से हाथ धोकर खाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विद्यालय में साक्षरता अभियान अंतर्गत सुश्री विनीता श्रीवास्तव व्याख्याता के निर्देशन में साक्षरता अभियान अंतर्गत साक्षर भारत और साक्षरता के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु साक्षरता प्रतीक चिन्ह बनाकर उल्लास कार्यक्रम हेतु जागृत किया गया। पूरे कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी रवि कंवर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों व विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग रहा साथ ही विद्यालय में रेडक्रॉस इकाई के तत्वाधान में स्वास्थ्य परीक्षण भी आयुष विभाग महापल्ली के द्वारा किया गया जिसमें डॉक्टर सुभाष झा उनकी पूरी टीम ने विद्यालय में उपस्थित रहकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिन बच्चों के परीक्षण के दौरान कोई कमी पाई गई उन बच्चों को उचित स्वास्थ्य सलाह दी गई।



## दोस्तों के साथ नहाने गया नाबालिग तेज बहाव में बहा, 14 घंटे बाद शव हुआ बरामद

**जांजगीर-चांपा** । जिले के हसदेव बांगो नहर में कल शाम अपने दोस्तों के साथ नहाने आया नाबालिग नहर के तेज बहाव में बह गया था. घटना के बाद से ही नाबालिग को तलाशने में एसडीआरएफऔर पुलिस की टीम जुटी हुई थी. जहां घटना के 14 घंटे बाद नीतीश तिवारी के शव बरामद कर लिया गया है. बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है. ये हादसा जांजगीर नवागढ़ के बड़े नहर में हुआ था.

जानकारी के अनुसार, नवागढ़ के बड़े नहर में तीन दोस्त नहाने गए हुए थे. दो दोस्त नहर के ऊपर खड़े थे और तभी नितीश तिवारी (उम्र 14 वर्ष) बाजार पारा जांजगीर निवासी नहाने के लिए पानी में उतर गया. नहाते वक्त पैर फिसलने से नितीश तिवारी पानी के तेज बहाव में बह गया. नहर में बहते हुए साथी को बचाने के लिए उसके एक दोस्त ने प्रयास किया लेकिन बहाव के कारण उसे सफ्लता नहीं मिली और मदद के लिए गुहार लगाने लगा. घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोगों ने तलाश शुरू कर दी. वहीं पुलिस की टीम ने नाबालिग की तलाश के लिए गोताखोर को भी बुलाया था.घटना के बाद से सिटी कोतवाली पुलिस और एसडीआरएफकी टीम लगातार नाबालिग को तलाशने में जुटी हुई थी. उनके प्रयास से सुबह घटना के 14 घंटे बाद नीतीश तिवारी का शव धुरकोट भैसदा पुल माइनर के पास मिला है. पुलिस ने शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिऐ भेज दिया है. बताया जा रहा है कि मृतक नितीश तिवारी स्वामी आत्मानंद स्कूल जांजगीर की कक्षा आठवीं में पढ़ रहा था.

## वाहन चेकिंग दौरान बिलासपुर से मरवाही जा रही बस से 200 नग साड़ी को किया जप्त

कीमती एक लाख रूपये

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह के द्वारा कानून एवं सूरक्षा व्यवस्था ड्यूटी तथा अगामी विधान सभा चुनाव 2023-2024 को मददेनजर रखते हुये सीमावर्ती थाना क्षेत्र में चेक पोस्ट के माध्यम से बाहर राज्य से आने वाली वाहनो तथा जिला से बाहर जाने वाली वाहनो पर चेकिंग कार्यवाही चलाया जा रहा हैं कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देशन पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी रतनपुर निरीक्षक देवेश सिंह राठौर के द्वारा रतनपुर टीम के साथ पेंड्रा मरवाही मध्य प्रदेश मार्ग पर चेक पोस्ट लगाकर सघन चेकिग किया जा रहा हैं। 09 सितंबर 2023 के वाहन चेकिंग दौरान पुष्पराज बस जो बिलासपुर से रतनपुर होते हुये मरवाही जा रही थी बस में सवारी बठै हुये थे कि चेकिग दौरान बस के उपर केबिन में सफेद बोरी के झाल में साड़ी रखा हुआ मिला उक्त साड़ी के संबंध में बस ड्रायवर तथा कंडेक्टर से पूछताछ पर कोई जानकारी नही होना बताये किसी व्यक्ति द्वारा बिलासपुर में उक्त साड़ी के झाल को बस के केबिन में रखवाना बताये उक्त व्यक्ति को जानने पहचानने से इंकार किये बस में सवार व्यक्तियो से पूछताछ पर उक्त साड़ी के संबंध में जानकारी नहीं होना बताये उक्त साड़ी को गिनती करने पर 200 नग साड़ी हैं पंचनामा तैयार किया गया हैं। लावारिस हालात में मिलने से धारा 102 जाफौ के तहत जप्त किया गया हैं।




## कोड़ातराई व रायगढ़ शहर भाजपा मंडल के बैठक में शामिल हुए पूर्व विधायक विजय अग्रवाल

पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को सफल बनाने पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने किया कार्यकर्ताओं को रिचार्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आगमन रायगढ़ जिला के ग्राम कोड़ातराई हवाई पट्टी मैदान में 14 सितम्बर 2023 दिन गुरूवार दोपहर 1.30 होने जा रहा है।



कार्यक्रम को सफ्ल बनाने हेतु ग्राम कोड़ातराई में भाजपा मंडल कोड़ातराई की बैठक एवं रायगढ़ शहर मंडल की बैठक जिला भाजपा कार्यलय में पूर्व विधायक विजय अग्रवाल के उपस्थिति में संपन्न हुआ। कोड़ातराई भाजपा मंडल के अध्यक्ष डोलनारायण नायक के अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी का आगमन रायगढ़ जिले की धरती पर हो रहा है, देश के विकास के लिए समर्पित देश को विश्व शक्तिशाली बनाने वाले देश के संस्कार को पुर्न स्थापित करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ओजस्वी वक्तव्य, मार्गदर्शन, देखने, सुनने का सौभाग्य हमे प्राप्त हो रहा है। अत: आप सभी क्षेत्र वासियों, ग्रामवासियों, कार्यकर्तागण को सादर आमंत्रित है कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में आप सपरिवार पधारकर गरिमामयी क्षण का हिस्सा बनें। पूर्व विधायक विजय अग्रवाल ने कहा कि एक मात्र ऐसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जिनकी लोकप्रियता दिनों दिन बठती जा रही है उनके कार्यकाल को 9 साल पूरे हो गये हैं। हम सब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं तो हम सब का कर्तव्य व दायित्व है कि हम सब नरेन्द्र मोदी को और मजबूत करेंगे तो पूरे संसार में भारत मजबूत होगा एवं हमारा सनातन धर्म मजबूत होगा। भारत वर्ष की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, भारत का गौरव, अंतरिक्ष क्षेत्र, स्वास्थ के क्षेत्र,स्वछता के क्षेत्र, विज्ञान के क्षेत्र में भारत का विकास हो रहा है। उन्होनें कहा कि कोड़ातराई में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आम सभा कार्यक्रम को शानदार रूप से सफल होना चाहिए ताकि पूरे भाजपा का महौल बन जाये। बैठक में कोड़ातराई भाजपा मंडल के अतंर्गत सभी शक्ति केन्द्रों के बूथ प्रभारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। जिला भाजपा कार्यलय में रायगढ़ शहर मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को सफल बनाने हेतु कोड़ातराई हवाई पट्टी पर विशाल जनसभा की तैयारी जोरो पर है जिसमें लाखों की संख्या में लोगों की शामिल होने की उम्मीद है नरेन्द्र मोदी के आगमन की खबर ने पूरे जिले में उत्साह व आशा की लहर भर दी है।

*पीएम मोदी की यह यात्रा न सिर्फ भाजपा के कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ाने वाला है, बल्कि स्थानीय लोगों को भी अपने प्रधानमंत्री से मिलने की उम्मीद जगाई है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को सफ्ल बनाने सभा को देखने व सुनने लोगों को सभा स्थल तक पहुचानें की व्यवस्था करने पर विस्तृत चर्चा कार्यकर्ताओं से किया गया उन्होनें कहा कि हर पोलिंग बूथ के कार्यकर्ताओं को प्रत्येक घर-घर जाके चावल व पाम्पलेट देकर नरेन्द्र मोदी के सभा में पहुचनें का निमंत्रण दिये जाने की बात की गई।*

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, रविवार 10 सितंबर 2023

# आप के बदलाव रैली के बाद युथ बिंग की बाइक रैली को अपार जन समर्थन

## युथ बिंग के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा रैली में भीड़ छग में बदलाव के संकेत



जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

बीते सालभर से छग में आम आदमी पार्टी के सक्रीयता को देख राजनिति भू-चाल आ गया है।बदलाव रैली के बाद पार्टी के युथ बिंग के बाइक रैली में जुटी भीड़ को देख राजनिति महकमे के साथ जनता के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। वही एक के बाद एक कार्यक्रम को जनता का भारी जन समर्थन मिल रहा है और दो बड़ी राजनितिक पार्टी के सैकड़ों नाराज कार्यकर्ता आप में शामिल हो रहे है। पार्टी के युथ बिंग ने कल देवभोग में बदलाव के लिये बाइक रैली निकाला जिसमें चार सौ बाइक में छह सौ से अधिक लोग शामिल हुये। युथ बिंग के इस बाइक रैली में युथ प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह और प्रदेश सहसचिव पद्युमन शर्मा शामिल हुये थे।वही पार्टी के जिला कार्यक्रम प्रभारी मनोज मिश्रा मौजूद रहे।दबंग केशरी ने आप के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह से खास बातचीत किया।

क्या छग में आप के चौकाने वाले नौ गारन्टी बदलेगा समीकरण

छग में आप पार्टी ने अपने घोषणापत्र में जनता को रोजगार, फ्री बीजली, महिला सशक्तीकरण, कर्मचारी गारन्टी, भ्रष्ट्राचार,शहीद सम्मान, शिक्षा,स्वास्थ,तीर्थ यात्रा महिला नौ गारन्टी दिये है। नई दिल्ली और पंजाब की तरह आप को जनता का भारी जन समर्थन मिल रहा है। बीते साल भर में प्रदेश,जिला,ब्लाक कार्यकारिणी के अलावा युथ बिंग और महिला बिंग का गठन पूरा करने के बाद भारी संख्या में लोग जुड़ रहे है। ऐसे मे लोग ये कयास लगा रहे हैं। आप तीसरे पार्टी के रूप में राजनिति समीकरण बदल सकती है।

### युथ बिंग के विशाल बाइक रैली में शामिल

### बिंग के प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह से विन्द्रानवागढ़ चुनाव को लेकर खास बातचीत

प्रश्न-आप किन मुद्दो पर चुनाव लड़ेगी।

उत्तर-विन्द्रानवागढ़ में विकास को लेकर पहले की भाजपा और वर्तमान कांग्रेस सरकार दोनो फैल है। आप शिक्षा स्वास्थ्य और सड़क बिजली जैसे मूद्दो को लेकर चुनाव लड़ेगी।

प्रश्न-क्या पार्टी विस की टिकट भाजपा या कांग्रेस के बागी को देगी।

उत्तर.-जिला से नाम आया है पैनल निर्णय लेगी पार्टी जिनको भी टिकट देगी वो जमीनी कार्यकर्ता होगा।

प्रश्न-प्रदेश भर में आप की स्थिति कैसे है।

उत्तर-आप पार्टी की स्थिति बहुत अच्छी है विस निवार्चन मेंतीसरी बड़ी पार्टी के रूप में उभरेंगे और सरकार बनाने में हमारी भूमिका महत्पूर्ण होगी।

प्रश्न-आप पार्टी से किसे नुकसान होगा।

उत्तर-हम दोनों पार्टी के विरोधी है शत्रु नहीं किसे नुकसान होगा ये बोलना उचित नहीं होगा इतना है की छग में आप पार्टी को लाभ होगा।

प्रश्न-क्षेत्र में अकाल की स्थिति है आप किसानों के साथ कैसे खड़े रहेगी।

उत्तर-स्थानीय कार्यकर्ता सूखे की मांग करेंगे किसान के साथ खड़े हैं जरूरत पड़ा तो सुखा घोषणा के लिये आंदोलन करेंगे।

प्रश्न-आप का विधायक बना तो जनता के लिये क्या करेंगे।

उत्तर..स्थानीय कला को प्राथमिकता के साथ स्वास्थ्य शिक्षा, सड़क बीजली के साथ-साथ भ्रष्टाचार खत्म करेंगे। साथ ही सरकार में आये तो नौ गारंटी को पूरा करेंगे।

प्रश्न.किसान के लिये क्या गारन्टी देंगे।

उत्तर.सोलह सितम्बर को राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल का जगदलपुर रैली है इस दिन कृषि को लेकर बड़ी घोषणा करेंगे।

## एक नजर

### शासकीय आईटीआई कोर्स हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आज

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

राज्य सरकार के 194 शासकीय आईटीआई केंद्रों के शेष रिक्त सीटों के सत्र 2023.24 एवं 2023.25 में प्रवेश के इच्छुक अभ्यार्थियों से 10 सितम्बर 2023 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में किन्हीं कारणों से ऑनलाइन आवेदन रजिस्ट्रेशन नहीं कर पाए थे अथवा जिनका पूर्व में ऑनलाइन आवेदन के बाद प्रवेश का अवसर समाप्त हो चुका होए ऐसे अभ्यर्थी 10 सितम्बर तक दोबारा ऑनलाइन आवेदन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। नए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए गए आवेदनों एवं पूर्व में रजिस्टर्ड आवेदनों में से शेष आवेदकों के संयुक्त मेरिट सूची से प्रवेश की कार्रवाई की जाएगी। विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट सीजीआईटीआई डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है।

### टोनहा बोल प्रताड़ित कर मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देकर जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्रार्थी राकेश रोशन कोठारी उम्र 38 वर्ष साकिन करमतरा थाना साजा जिला बेमेतरा द्वारा प्रस्तुत लिखित शिकायत पत्र की जांच किया गया।




आरोपी राजेश कोठारी की भतीजी करीबन 04 माह पूर्व से बीमार चल रही है। राजेश कोठारी निवासी करमतरा अपनी भतीजी के उपर जादू टोना का संदेह कर आये दिन बस्ती में मां बहन की गंदी-गंदी गालीया देता रहता है जान से मारने की धमकी देता है तथा घटना 11 अगस्त 2023 को राजेश कोठारी ने जैतखाम सतनामी मंच के पास शाम 06.30 बजे राकेश कोठारी को तुए टोन्हा है मेरी भतीजी को तुने ही जादू टोना किया है बोल कर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर मां बहन की गंदी गंदी गालीया एवं जान से मारने की धमकी दिया है। जिस पर थाना साजा पुलिस द्वारा अपराध सदर धारा 294, 506 भादवि, टोनही प्रताड़ना अधिनियम 4, के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी राजेश कोठारी पिता त्रिभुवन कोठारी निवासी करमतरा थाना साजा जिला बेमेतरा के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए 09 सितंबर 2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायलय में पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भापुसे के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव, सहायक उप निरीक्षक रघुवीर सिंह एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रहीं।

### पेड़ से टकराने पर कार सवार दो घायल

**कोरबा** । उरगा-हाटी मुख्य मार्ग में भैसमा कालेज के ठीक सामने फार्चूनर कार पेड़ से टकरा गई। कार में दो व्यक्ति सवार थे, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक कोरबा से रायगढ़ की ओर जा रही फार्चूनर कार सामने से आ रहे बाइक को बचाने के चक्कर में पेड़ से जा टकराई। गंभीर रूप से घायल कार सवारों को 108 संजीवनी एक्सप्रेस की मदद से कोरबा मेडिकल कालेज अस्पताल पहुंचाया गया है। राहगीरों ने बताया की अचानक बाइक के सामने आ जाने से यह घटना घटित हुई है। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### कृष्ण मय हुआ नगरी

**नगरी** । नगर में यादव समाज द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें भगवान श्री कृष्ण का मन मोहक व मनोरम झांकी आकर्षक का केंद्र रहा वहीं यादव समाज की महिलाओं का कलश यात्रा लम्बी कतार में भगवान कृष्ण की गोपियों के रूप में दिख रही थी तो वहीं मैया यशोदा की रुप भी देखने को मिला। कालिया नाग के छत्र के साथ कान्हा कृष्ण के रुप ने लोगों का मन मोह लिया जगह जगह भगवान श्री कृष्ण जी का पूजा अर्चना किया गया और आशीर्वाद लिया गया। यादव समाज के युवाओं का जोश भी देखते ही बन रहा था।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने सफाई कर्मचारियों को एक स्कूल से दूसरे स्कूल में काम करने का आदेश जारी किया

### फरमान को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफ ाई कर्मचारी कल्याण संघ बिलासपुर के पदाधिकारी ने नया कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ विभिन्न समस्याओं को लेकर नया कलेक्टर संजय झा बिलासपुर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा जिसमें बिलासपुर के कोटा मस्तूरी बिल्हा तखतपुर हजारों कर्मचारी को संभाग के अन्य जिला जांजगीर चांपा कोरबा रायगढ़ मुंगेली में 2490 मानदेय प्राप्त हो रहा है। परंतु बिलासपुर जिला में चार रविवार को काटने से 2100 मानदेय प्राप्त हो रहा है। जिसको लिखित आवेदन देकर कलेक्टर को संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उक्त संबंध में अवगत कराया जिसको कलेक्टर महोदय के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर को इस समस्या का शीघ्र ही निराकरण करने की बात कही दूसरा समस्या राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन अभियान आरएमएस संचालित विद्यालयों में सफ ाई व्यवस्था के नाम पर पदस्थ सफ ाई कर्मचारियों को दूसरे स्कूलों के कर्मचारियों को कार्य करने हेतु। आदेशित जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर द्वारा आदेशित किया गए हैं।

उसे संबंध में भी ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें संघ के प्रतिनिधिमंडल ने इन समस्या अवगत कराया की पहले से सफाई कर्मचारी अपने ही संस्था में कार्य करते समय व्यतीत हो जाता है। वही दूसरे विद्यालयों में कार्य नहीं कर पाएंगे इस संबंध में नया भर्ती हेतु ज्ञापन सौंपा गया एवं संचालक लोक शिक्षण संचनालय रायपुर द्वारा इस संबंध में कहीं भी राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान आरएमएस संचालित विद्यालय में कार्य करने हेतु आदेशित नहीं की गई है इस संबंध में लोक शिक्षण संचनालय रायपुर को भी ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम है। वर्तमान में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा मार्च बजट 2023 में?300 मार्च में की गई एवं 15 अगस्त 2023 को माननीय मुख्यमंत्री के उद्बोधन में 500को वृद्धि की गई है वह श्रम सम्मान निधि के अंतर्गत आपको श्रमिक मानकर मानदेय देने अपन सपने वाले में संघ के प्रतिनिधिमंडल प्रांत अध्यक्ष संतोष खांडेकर, मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा,जिला अध्यक्ष संतोष नवरंग,महिला ललिता आनंद ओम प्रकाश साहू,धर्मेंद्र पात्रे, अनूप बबलू, रामेश्वर श्रीवास, कर्मचारी सहीत सैकड़ो में उपस्थित थे।

## एसडीएम डॉ. तिवारी ने निर्वाचन के संबंध में बीएलओ और सुपरवाइजरों की बैठक ली

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी ने बिलाईगढ़ में बूथ लेवल अधिकारियों और सुपरवाइजरों की बैठक ली। निर्वाचन के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की इस बैठक में एसडीएम डॉ. तिवारी ने कहा कि सभी ऐसे मतदान केंद्र जहां फार्म 6 अंतर्गत मतदाता जोड़ने में 4 प्रतिशत से कम और फ ार्म 7 अंतर्गत मतदाता सूची से नाम हटाने में 2 प्रतिशत से कम कार्य हुआ है, उन केंद्रों का सत्यापन सभी ऑफ लाइन फ ॉर्म को ऑनलाइन करें। साथ ही साथ मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन भी करें। एसडीएम डॉ. तिवारी ने कहा कि सभी घर-घर जाकर सर्व करें और दिव्यांग तथा 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की सूची तैयार करें। इस अवसर पर तहसीलदार भी उपस्थित थे।



### नियमितीकरण को लेकर बीएमएस ने शुरू किया आन्दोलन

**कोरबा** । संविदा कर्मियों के नियमितीकरण और पुरानी पेंशन योजना लागू करने समेत अन्य स्थानीय व राष्ट्रीय मुद्दों पर बिजली कर्मचारी संघ. महासंघ ने चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया। प्रथम चरण में जनजागरण अभियान के तहत जनसंपर्क कर पोस्टर वितरित किया गया।

बीएमएस ने विद्युत कंपनी के हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम व डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पूर्व में जनसंपर्क अभियान चलाया। आगामी 20 सितंबर तक चलने वाले जनसंपर्क अभियान के तहत संघ के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। उद्योग प्रभारी आरएस जायसवाल ने बताया कि प्रबंधन के समक्ष कर्मियों की मांग को लेकर पहले ही पत्र सौंपा जा चुका है, पर अभी तक समस्या का निदान नहीं किया गया है। इसलिए चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत हो चुकी है। प्रमुख रूप से ठेका कर्मियों को श्रम सम्मान निधि के तहत चार हजार रूपये देनेए आइटीआइ व डिप्लोमा आधार पर नियुक्त कर्मचारियों को योग्यतानुरूप पद प्रदान करने, सभी कर्मचारियों को तीन स्थान पर छह गतिरोध भत्ता प्रदान करने समेत अन्य मांग रखी गई है।

## अपर कलेक्टर तिवारी ने सारंगढ़ के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।





कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने जिले के सारंगढ़ विकासखण्ड के 13 मतदान क्रेन्द्रों में जाकर भारत निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन के अनुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्रवाई का निरीक्षण किया। तिवारी ने सिंघनपुर, पासीद, मल्दा, कोसीर, भाठागांव, लेन्ध्रा, मुड़पार बड़े में स्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों में निर्वाचन नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्रवाई का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर उपस्थित बीएलओ, अभिहित अधिकारियों से द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली। साथ ही नए मतदाता को जोड़ने के लिए प्रेरित करने कहा। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप मतदान केंद्रों में शौचालय, रैम्प, बिजली, पंखा, शेड एवं पेयजल की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस अवसर पर तहसीलदार नेत्रप्रभा सिदार उपस्थित थीं।

# चिरायु से मिली भार्गव को सुनने की शक्ति

## जन्म से श्रवण बाधित बालक का हुआ नि:शुल्क ऑपरेशन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

**कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफआर निराला के मार्गदर्शन में चिरायु कार्यक्रम का सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले में सफल संचालन हो रहा हैए जहाँ गम्भीर बीमारियों का उच्चस्तरीय जांच व ईलाज की समुचित व्यवस्था कर त्वरित ईलाज कराया जाता है।**

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु, प्रदेश में 9 वर्षों से चल रहा है इसके अंतर्गत सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले में 07 चिरायु टीम कार्यरत हैं जो हर दिन अपने माइक्रोप्लान के मुताबिक सभी 0 से 18 वर्ष के बच्चों का प्रतिवर्ष शासकीय स्कूलों में 1 बार और आंगनबाड़ी केंद्रों में 2 बार स्वास्थ्य परीक्षण उनके स्कूल व केंद्र में पहुंचकर करती है। चिरायु कार्यक्रम को लोग अब बच्चों का डॉक्टर भी बोल रहे हैं।

चिरायु कार्यक्रम द्वारा बच्चों में विशेष रूप से 4 डी ग्रुप जन्मजात दोष, बीमारी, कमी और विकासात्मक देरी, के तहत स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार उच्च संस्थान में रिफ र किया जाता है, विशेष स्थिति में चिरायु वाहन में स्वास्थ्य टीम के साथ उच्च संस्थान में नि:शुल्क ईलाज कराई जाती है। पूरी रिफ र व इलाज चिरायु दल के निगरानी में तथा इलाज के बाद भी चिरायु दल बच्चो के संपर्क करते रहते है। चिरायु टीम सारंगढ़ ने अपने सघन जांच के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र अंडोला क्र. 02 गयी थी जहां जन्म से न सुन व बोल सकने की समस्या से जूझ रहे 4 वर्षीय बालक भार्गव कर्ष पिता भुनेश्वर को देखा जो सिर्फ



इशारों में ही अपनी प्रतिक्रिया देता था और समझता था। जिसे चिरायु टीम तत्काल संज्ञान में लेकर बेरा और ओएई जांच हेतु जिला अस्पताल रायगढ़ रिफ र किया गया जहां जांचोपरांत ऑपरेशन की आवश्यकता बताई गई। अतएव उक्त उच्चस्तरीय ईलाज ऑपरेशन हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर रिफ र किया गया। चिरायु टीम बराबर बच्चे व परिजन के सम्पर्क में रही। हाल-चाल जाना गया और ऑपरेशन हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर से भी लगातार संपर्क साधा गया। वहां पर भी उक्त बच्चे का एनेस्थीसियोलॉजी जांच, ऑपरेशन पूर्व थेरेपी की प्रक्रिया,जतन केंद्र रायगढ़ से, आवश्यक वेक्सिनेशन आदि समस्त प्रक्रिया की गई। इन सभी में बालक भार्गव विशेषज्ञ सर्जन के द्वारा कॉकलियर इम्प्लांट हेतु ऑपरेशन योग्य चुना गया। अन्तत: 22 अगस्त 2023 को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर में सफलतापूर्वक कॉकलियर इम्प्लांट नामक सर्जरी की गई। उक्त ऑपरेशन में लाखों रुपए लगते हैं परंतु आयुष्मान भारत के तहत चिरायु योजना से यह महंगा ऑपरेशन पूर्णत: नि:शुल्क हुआ। सप्ताह भर डॉक्टर अपने सुपरविजन में रखने के उपरांत बालक को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। बालक अभी स्वस्थ महसूस कर रहा है। इसके बाद स्पीच थेरेपी की प्रक्रिया करवाई जाएगी फिर बालक भार्गव सुनना और बोलना शुरू करेगा। भार्गव के माता पिता की बच्चे के इलाज के प्रति जागरूकता, मेहनत व सब्र आखिकार रंग लाई। उन्होंने सफ ल ऑपरेशन व सहयोग के लिए चिरायु टीम के प्रति आभार व शासन के चिरायु कार्यक्रम को सफ ल बताया है। चिरायु कार्यक्रम न सिर्फ जिले में बल्कि पूरे प्रदेश में सफ ल कार्यक्रम में शामिल है। दूरस्थ स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों में टीम पहुंच कर उनको सीधा स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रही है। चिरायु टीम के पहुंचने पर स्कूल, आंगनबाड़ी के बच्चों में मुस्कान आ जाती है।

इस सफ ल व नेक कार्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ आर निराला, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ आर एल सिदार, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एन एल इजारदार, जिला नोडल अधिकारी चिरायु, डॉ प्रभुदयाल खरे, तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ चिरायु टीम बी, के लीडर डॉ प्रभा सारथी, डॉ नम्रता मिंज, डॉ बद्री विशाल पंकज, डॉ बबिता पटेल, डॉ गौरी जायसवाल, हिंगलेश्वरी कुर्रे, योगेश चन्द्रम फार्मासिस्ट, मोंगरा कंवर, ललिता भगत ,एएनएम, आदि सभी का अहम योगदान व सहयोग रहा है। चिरायु टीम बड़ी तन्मयता से अपने निर्धारित लक्ष्य को पाने के लिए सतत प्रयास कर रही है। चिरायु टीम के द्वारा चिन्हित किये गए 4 डी जिनमें, कंजेनिटल डिफेक्ट्स जन्मजात विकृति डेफिशिएंसी कमी से होने वाले रोग, डिसीज बीमारी व डेवेलपमेंटल डिले विकासात्मक देरी ऐसे बच्चों का तत्परता से उपचार किये जाने की व्यवस्था है।

*चिरायु टीम बराबर समस्त शासकीय स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों का स्वास्थ्य जांच हेतु अपने दिए निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूर्ण कर रहे हैं साथ ही चिन्हित बच्चों के ईलाज के लिए भी उच्च संस्थान ले जाकर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करवा रहे हैं। निश्चित ही हमारे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ की चिरायु टीम का कार्य सराहनीय है जो इस प्रकार के महंगे नि:शुल्क ऑपरेशन के जरिये जन्मजात बधिरता से ग्रसित बालक को सुनने की शक्ति मिल सकेगी।*

# ब्याज सहित मुआवजा राशि दिलाने भारतमाला से प्रभावित किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




भारतमाला परियोजना से प्रभावित किसानों ने एसडीएम धरमजयगढ़ को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग 130 ए उरगा से पत्थलगांव भारतमाला परियोजना द्वारा किए गए अधिकृत भूमि का राशि ब्याज सहित अति शीघ्र दिलाने की मांग की गई है। प्रभावित किसानों ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग भारतमाला द्वारा 29 दिसंबर 2022 को भूमि का अधिग्रहण किया जाकर अवार्ड आदेश पारित किया गया है। परंतु आज तक प्रभावित किसानों को भू-अर्जन की राशि अदा नहीं किया गया है।

और ना ही मुआवजा राशि का कोई अंश दिया गया है। जबकि भू-अर्जन के बाद किसान उक्त भूमि पर कृषि कार्य भी नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण किसानों को आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। जिन आवेदकों का भूमि शासन द्वारा अधिग्रहित किया गया है उनमें अधिकतर किसान गरीब हैं, और गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करते हैं। इसलिए संपूर्ण परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए आवेदन देने वाले प्रभावित किसानों को भू-अर्जन की राशि ब्याज सहित दिलाया जाना आवश्यक है। उक्त संबंध में प्रभावितों द्वारा परियोजना के पदाधिकारी से पिछले 6 माह से बातचीत किया जा रहा है, लेकिन उनके द्वारा टालमटोल किया जा रहा है। यदि भू-अर्जन राशि ब्याज सहित सात दिवस के अंदर प्रभावित किसानों को नहीं दिया जाता है तो ऐसी स्थिति में किसानों द्वारा उग्र आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है।

## प्रीतम ट्रैक्टर्स ने बनाया रिकॉर्ड, पूरे भारत में सबसे ज्यादा सोनालिका ट्रैक्टर बेचने का मिला खिताब




जोहार छत्तीसगढ़ - सक्ती।

नगर की प्रतिष्ठित फर्म प्रीतम ट्रैक्टर्स ने सोनालिका ट्रैक्टर डीलरशिप में भारत का सबसे अधिक ट्रैक्टर बेचने वाला डीलरशिप का अवार्ड जितने में सफलता प्राप्त की। इसके लिए सोनालिका ट्रैक्टर परिवार के द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया है। साथ ही पांच अन्य कैटेगरी में भी अवार्ड जीतकर व्यावसायिक क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्रीतम ट्रैक्टर्स ने हासिल की है।

संचालक प्रीतम गबेल ने बताया कि क्षेत्र के किसानों ने जिस प्रकार सोनालिका ट्रैक्टर्स पर भरोसा जताया है यह सब उसी की बदौलत संभव हो सका है। हम भी किसानों के विश्वास में हमेशा खरे उतरे इसका हमेशा प्रयास होगा। जिस प्रकार पूरे भारत देश में सबसे ज्यादा सोनालिका ट्रैक्टर बेचने का खिताब अपने नाम किया है उसे क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर सिंह गबेल ने भी इसे गौरव वाला क्षण बताया।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल हाटी ने निकाली साक्षरता जागरूकता रैली

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




विकासखंड धरमजयगढ़ के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय हाटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर साक्षरता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली स्कूल प्रांगण से शुरू कर गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए स्कूल प्रांगण में ही संपन्न हुआ। रैली में स्कूली बच्चों ने साक्षरता के नारे लगाए। बता दें कि किसी भी देश के विकास के लिए अधिक से अधिक नागरिकों को साक्षर होना आवश्यक है। पढ़ने-लिखने में सक्षम व्यक्ति को सही व गलत में फर्क समझ आता है। साक्षरता विकास के साथ ही समाज में सम्मान दिलाता है। लोगों को साक्षरता के महत्व और लाभ के प्रति जागरूक करने और शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करने के लिए हर साल अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। वैश्विक स्तर पर हर साल अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितंबर को मनाया जाता है। साक्षरता दिवस मनाने की शुरुआत 1966 में हुई थी। यूनेस्को ने तय किया कि साक्षरता दर को बढ़ाने के लिए दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर समाज में शिक्षा का प्रचार प्रसार किया जाता है। भारत में भी साक्षरता का स्तर बढ़ाने के लिए इस दिन को विशेष अभियान के रूप में मनाते हैं। रैली में प्राचार्य एसआर सिदार सहित शिक्षकगण भी शामिल रहे।

## एक नजर

### जीपीएफ ऋणात्मक शेष के निपटारा हेतु तीन दिवसीय शिविर का आयोजन

**कोरबा** । कोरबा जिला के अंतर्गत विभिन्न शासकीय कर्मचारियों के जीपीएफ में प्रदर्शित होने वाले ऋणात्मक शेष के निराकरण हेतु महालेखाकार रायपुर से 13 ,14 ,15 सितंबर को तीन दिवसीय शिविर का आयोजन जिला कोषालय कोरबा में किया गया है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री पी आर महादेवा ने बताया कि जिन कर्मचारियों का ऋणात्मक शेष प्रदर्शित हो रहा है, उनके पासबुक एवं अन्य संबंधित दस्तावेज सहित शिविर में उपस्थित होने हेतु समस्त आहरण अधिकारियों को सूचित किया गया है। विशेषकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा, विकासखंड शिक्षा आधिकारी करतला, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कटघोरा के ज्यादा प्रकरण है। समस्त डीडीओ को सूचित करने के साथ-साथ यह निर्देशित किया गया है कि संबंधित अभिदाता को भी शिविर में अनिवार्यता उपस्थित करने हेतु सूचित करें। ऋणात्मक शेष वाले अभिदाताओं की सूची समस्त संबंधित आहरण अधिकारियों को प्रेषित की गई है ।

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 11 सितंबर को

**कोरबा** । जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा द्वारा 11 सितंबर 2023 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में ट्राई इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कुसमुण्डा कोरबा द्वारा ब्लॉक मैनेजर के 05 पद, सुपरवाइजर के 25 पद तथा एडवाईजर के 80 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इसी प्रकार लक्ष्य ग्रुप ऑफकंपनी घंटाघर कोरबा स्वरोजगार (दोना पत्तल बनाने) हेतु भी रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी। उक्त पदों हेतु आवेदकों की आयु सीमा 20 से 40 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं कम्प्यूटर डिप्लोमा वांछनीय है। इच्छुक आवेदक 11 सितंबर को प्रातः 11 बजे कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### एनपीएस व ओपीएस के विकल्प में संशोधन हेतु कर्मचारियों को मिला अवसर

**कोरबा** । राज्य के 1 नवंबर 2004 से 31 मार्च 2022 के मध्य नियुक्त हुए सभी शासकीय कर्मचारियों को ओपीएस या एनपीएस में रहने हेतु विकल्प भराया गया था। यदि किसी कर्मचारी को अपने चयन किए विकल्प में संशोधन करना है या ओपीएस का चयन करना है, उनके लिए विधिवत निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कर्मचारी अपने आहरण अधिकारी के माध्यम से जिला कोषालय कोरबा को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### जिले में अब तक 800.7 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई दर्ज

कोरबा। जिले में 01 जून से अब तक 800.7 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 07 सितंबर तक औसत वर्षा 980.7 मिमी हुई है। बीते 24 घंटो में 17.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## लिपिकों ने पेश की अनूठी मिसाल लिया आपसी सद्भाव कायम करने का संकल्प




जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

यूं तो लिपिकों को शासन-प्रशासन की रीढ़ कहा जाता है। पर गाहे बगाहे इन पर बाबूराज और लालफीताशाही चलाने के आरोप भी लगते रहते हैं। लेकिन इन सबसे इतर आज घरघोड़ा ब्लॉक के लिपिकों ने आपसी सद्भाव कायम करने और सदाचरण अपनाने के लिए संकल्प लेकर एक नई पहल की शुरुआत की है। विदित हो कि आज लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष गोविंद प्रधान की उपस्थिति में घरघोड़ा विकासखंड के लिपिकों की एक बैठक रखी गई थी। जहां लिपिक एकता संकल्प अभियान का आगाज किया गया। जिला अध्यक्ष प्रधान ने कहा कि लिपिकों में एकता कायम करने के लिए यह आवश्यक है कि सबसे पहले लिपिकों में हीआपसी सद्भाव की भावना का विकास हो। इसके लिए उन्होंने घरघोड़ा के लिपिकों को एकता का संकल्प दिलाया स लिपिकों की इस अनूठी पहल का कर्मचारी जगत में स्वागत किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि ऐसी पहल पूरे प्रदेश भर में होनी चाहिए। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रुप से लिपिक संघ के जिलाध्यक्ष गोविंद प्रधान, जिला उपाध्यक्ष राजनदेव महन्त, घरघोड़ा तहसील अध्यक्ष कुबेर चंद्र देवांगन, वरिष्ठ लिपिक रेशम ठाकुर, रुकमन प्रसाद साहू, बरनाबस बड़ा, दिनेश सिंह, इंद्राणी चक्रवर्ती, सुखदेव चौहान सहित अन्य लिपिक उपस्थित रहे।

## 17 से 23 सितंबर तक होगा श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।



धर्मनगरी खरसिया में 17 सितंबर से 23 सितंबर तक 7 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, उक्त कथा का वाचन अंकुश तिवारी के श्रीमुख से किया जाएगा। कथा के आयोजक गर्ग परिवार मांढ़ीवाल ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का आनंद लेंवे। गौरतलब है कि धर्मनगरी के नाम से विख्यात खरसिया में आये दिन धार्मिक आयोजन होते ही रहते है इसी तारतम्य में गर्ग परिवार मांढ़ीवाल खरसिया के द्वारा पितृमोक्षार्थ श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 17 सितंबर से 23 सितंबर तक स्थानीय कन्या विवाह भवन में किया जा रहा है। गर्ग परिवार के रामचरण अग्रवाल तथा श्यामसुन्दर अग्रवाल ने जानकारी देते हुये बताया कि औरेया के प्रसिद्व भागवत मर्मज्ञ पूज्य अंकुश तिवारी के श्रीमुख से भागवत कथा का वाचन किया जायेगा। 7 दिवसीय भागवत कथा में 17 सितंबर को गणेश पूजन के साथ भागवत कथा महात्मय, 18 को भगवान के 24 अवतारों की कथा, 19 को शुकदेव जी का आगमन एवं भक्त प्रहलाद की कथा, 20 को समुद्र मंथन की कथा, वामन, राम तथा कृष्ण जन्म की कथा, 21 को बाल लीला, गिरीराज पूजन, 22 को मथुरा गमन, रूक्मणी विवाह की कथा तथा 23 सितंबर को सुदामा प्रसंग, भागवत सार के साथ कथा का समापन किया जायेगा। गर्ग परिवार ने सभी भगवत प्रेमी श्रोताओं से अपील की है कि वे भागवत कथा का आनंद लेने के लिये अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। भागवत कथा के सफ्ल आयोजन के लिये गर्ग परिवार के अमित अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सुनील अग्रवाल पत्रकार, मनीष अग्रवाल, सतीष अग्रवाल, विवेक अग्रवाल सहित अन्य सदस्य तन मन से लगे हुये है।

## शोक समाचार

जोहार छत्तीसगढ़ - धरमजयगढ़।




शाहपुर निवासी गर्ल्स हाई स्कूल में पदस्थ व्यख्याता हिमाचल पटेल की धर्मपत्नी लक्ष्मीन पटेल का पिछले दिनों देहांत हो है। उनकी उम्र लगभग 56 वर्ष थी।वे पिछले कुछ दिनों है अस्वस्थ थी और रायगढ़,रायपुर में उनका इलाज चल रहा था। हिमाचल पटेल अखिल भारतीय अघरिया समाज के पूर्व में प्रवक्ता का दायित्व सफलतापूर्वक निभा चुके हैं। और विभिन्न पदों का भी निर्वहन कर चुके हैं।लक्ष्मीन पटेल अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र धरमजयगढ़ की महिला संयोजिका थी।लक्ष्मीन पटेल एक मिलनसार हंसमुख व्यक्तित्व के धनी थी वह अपने पीछे एक पुत्र एक पुत्री की भरापूरा परिवार रोते बिलखते असमय छोड़कर चली गई। उनके निधन के समाचार से अघरिया समाज में शोक की लहर व्याप्त है साथ ही साथ पूरे धरमजयगढ़ क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। लक्ष्मी पटेल के दाह संस्कार में पूरे क्षेत्र के सामाजिक बंधुओ के साथ ही साथ अन्य गणमान्य नागरिकों ने भारी संख्या में पहुंचकर उन्हें अंतिम विदाई एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका दशकर्म एवं चन्दनपान 15 सितम्बर को ग्राम शाहपुर में संपन्न होगा।

## पर्यावरण संरक्षण हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल घरघोड़ा में



जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शासन के निर्देशानुसार विविध प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम विद्यालयों में चलाए जा रहे हैं। वहीं पर्यावरण संरक्षण की की दिशा में, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम कन्या शाला घरघोड़ा,में पोस्टर प्रतियोगिता व स्लोगन प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य एच सी बेहरा के मार्गदर्शन में व्याख्याता विजय निषाद व त्रिलोक चक्रधारी के संयोजन में व समस्त शिक्षक शिक्षिका की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन कर कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

जिसमे पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम-पूनम चौहान कक्षा 12वीं विज्ञान। द्वितीय शुभी भुइयां व बबली साहू। तृतीय करिश्मा राठिया व जमुली राठिया रही। इसी प्रकार स्लोगन में प्रथम-शारदा बेहरा कक्षा 11वीं बायो। द्वितीय,सरस्वती राठिया व आराधना शर्मा कक्षा 11वीं। तृतीय आंचल राठिया 12वीं बायो ने प्राप्त किये। कार्यक्रम को संस्था के शिक्षकों ने संबोधित करते हुए कहा की पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पूरे समाज को कदम उठाने की आज आवश्यकता है। विद्यालय में छात्रों की यह पहल सराहनीय है। पोस्टर स्लोगन प्रतियोगिता को सफल बनाने में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम कन्या घरघोड़ा के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग रहा है।

# महिला सरपंच के रिश्तेदारों को आर्थिक लाभ पहुंचाना पड़ा महंगा

पति,ससुर और मामा ससुर को आर्थिक लाभ दिया,बेटा पंचायत की राशन दुकान में था सेल्समैन

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



बरबाहली पंचायत की महिला सरपंच सुमित्रा सिन्हा को एसडीएम अर्पिता पाठक ने पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40 1, ग के उल्लंघन का आरोपी पाये जाने पर बर्खास्त कर दिया है। आदेश के मुताबिक सुमित्रा सिन्हा आगामी 6 साल तक किसी भी निर्वाचन के लिए पात्रता नहीं रखेगी। बेटे को बना दिया था सेल्समैन,बरबाहली के जागरूक युवक करन सिंह पाथर, फू लसिंह पाथर, शोभाराम मांझी,हीरालाल मांझी,कंवल मांझी, देवकुमार प्रधान,सीताराम पाथर,जुगेश्वर यादव ने पंचायत में लगातार हो रहे आर्थिक अनियमितता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। युवकों ने 22 मार्च 2023 को एसडीएम से लिखित शिकायत कर बताया कि,सरपंच सुमित्रा द्वारा परिवार के सदस्यों के नाम पर बिल बाउचर बनाकर पंचायत विकास मद की राशि का बंदरबांट किया जा रहा है।ऑनलाइन डेटा के आधार पर शिकायत कर्ताओं ने बताया किए14 वे वित्त मद से ससुर हिराधर सिन्हा को ट्री गार्ड व बांस कार्य के नाम पर 17 हजार का भुगतान किया गया। पति पुनित सिन्हा के फर्म पुनित कृषि फार्म व मैटेरियल सप्लायर के नाम पर पैरा ढुलाई,मूरमीकरण सफाई के नाम पर अलग अलग 4 बार में 2 लाख 500 एमामा ससुर भोजराज सिन्हा के नाम पर 19000 का भुगतान किया गया था। शिकायतकर्ताओं ने इस भुगतान में ज्यादातर को बोगस कार्य भी बताया था।इसके अलावा बेटा दुष्यंत सिन्हा को पंचायत द्वारा संचालित राशन दुकान का सेल्समैन नियुक्त कर मृत लोगों के नाम पर राशन निकालने की भी शिकायत की गई थी।

**जांच की पुष्टि के बाद एसडीएम अर्पिता पाठक ने किया बर्खास्त**




### कोरोना काल को आधारहीन दलील भी काम न आया

*शिकायत के बाद एसडीएम ने जनपद सीईओ प्रतीक प्रधान के नेतृत्व में दल गठित कर जांच निर्देश दिया। मामले की जांच हुई तो अनियमितता की पुष्टि हो गई। 5 माह की लंबी सुनवाई के बीच सरपंच को जब पक्ष रखने का मौका दिया तो उसने कोरोना काल में दूसरा विकल्प नहीं होने की दलील दिया, जो काम नहीं आया। और फिर एसडीएम ने 25 अगस्त को आदेश पारित कर सरपंच को बर्खास्त कर दिया। कार्यवाही के बाद आज इसके पालन के लिए पत्र जनपद सीईओ को भी भेजा गया है।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in